# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, सोमवार 22 सितंबर 2025






| पुराना एक्स-शोरूम | GST बेनिफिट्स | नया एक्स-शोरूम |
|---|---|---|
| ₹79 716* से शुरू | ₹6 229 | ₹73 487* से शुरू |

डाउन पेमेंट ₹1 999^ से शुरू

प्रतिदिन की EMI ₹69^ से शुरू

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक HDFC BANK FESTIVE TREATS क्रेडिट कार्ड

Powered by pine labs

5 crore+ HAPPY CUSTOMERS

Splendor+ WORLD'S NO.1 MOTORCYCLE

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife

जीतने का मौका 100% कैशबैक | सोने का सिक्का

और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स#

Also available on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. 5 crore customers as per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles till March 2025. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Limited period offer, T&C apply. *Ex-showroom prices are applicable in Chhattisgarh.

TOLL FREE 1800 266 0018

**अधिकृत डीलर:** बिलासपुर: सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो 9289922706, अंबिकापुर: आनंद हीरो 9289922359, सरगुजा हीरो 9289923110, कोरबा: शांति हीरो 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो 9289923057, रायगढ़: गोयल हीरो 9289922373, आदित्य हीरो 9289923091, जांजगीर: आनंद हीरो 9289922772, बैकुंठपुर: आर.के. हीरो 9289922812, जशपुर: आकाश हीरो 9289922909, **एसोशिएट डीलर:** खड़गांव: बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415, चौरा: ओम ऑटो एजेंसी: 7000316070, सरिया: अग्रवाल ऑटो सेण्टर 9993121909, गौरेला: श्री माँ नर्मदा मोटर्स 7587796622 / 7587796611, सनावल: सोनी ऑटोमोबाइल्स 9479235816, रतनपुर: माँ महामाया मोटर्स 9754240437 / 8839972027, बलोदा: श्री कमला ऑटो 9926515216, मरवाही: राहुल ऑटोमोबाइल्स 8889467369 / 8719087320, मुंगेली: महावीर मोटर्स 9993855199, मनेन्द्रगढ़: विवेक ट्रेडर्स 6261178785, कटघोरा: श्री शारदा एंटरप्राइज 9809809925, शिवरीनारायण: सुल्तानिया ऑटा केयर 9407600319, सक्ती: गोयल ऑटो 9303571001, 7000490324, खरसिया: विजय ऑटो एजेंसी 9993093829, सीतापुर: श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांव: ज्योति ऑटो 9406399000, सारंगढ़: गोपाल ऑटो सेंटर 9827893203, सूरजपुर: आशा ऑटोमोबाईल्स 9826440096, अकलतरा: श्री ऑटो 9424174274, कोटा: उर्मिला मोटर्स 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स: 6268000180 / 8718888789, रामानुजगंज: प्रीति ऑटोमोबाईल 8827674000, बाराद्वार: दुर्गा ऑटो एजेंसी 8319982160, उदयपुर: बंसत ऑटोमोबाईल्स 9406022927, तपकरा: प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुर: तायल ऑटोमोबाईल्स 9617218005, पटना: आयुश ऑटोमोबाईल्स 8839141926, पाली: आनंद ऑटोमोबाईल 7089519999, राजपुर: महामाया एजेंसी, 9516209272 / 9340726288, महापाली: साहू ऑटोमोबाइल, 7746028455, मदनपुर: ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपत: मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, **ऐडिशनल वर्कशॉप:** अम्बिकापुर: आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज 7771008601/9289922359, **जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट:** ओरियन ऑटोव्हील्स 07752-252088, **अधिकृत सिटी वर्कस्:** उरगा: बालाजी सर्विस स्टेशन 279600, **डीलर एक्सटेंशन काउंटर:** बिलासपुर (सकरी) सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पा: आनंद हीरो 7909901444, कोरबा: शांति हीरो, 7440299000 **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler)** बिलासपुर: सत्या हीरो 9289922464, खड़गांव: बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415.

RS/Hero/09/25


Hero
125M
CELEBRATING
125 MILLION CUSTOMERS
"इरादे बड़े हों
तो कुछ भी नामुमकिन नहीं"
नई HF-Deluxe Pro
एच एफ डीलक्स - नए इंडियन की डीलक्स बाइक
सेगमेंट में पहला⁺ LED हेडलैंप
सेगमेंट में पहला⁺ डिजिटल कंसोल
नए ग्राफिक्स
बेहतरीन माइलेज
SCAN TO KNOW MORE
पुराना एक्स-शोरूम | GST लाभ | नया एक्स-शोरूम
शुरुआती कीमत ₹63 688# | ₹4 976˅ | शुरुआती कीमत ₹58 712#
डाउन पेमेंट @ ₹999$ से शुरू
प्रतिदिन EMI ₹59$ से शुरू
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000$ तक
HDFC BANK क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
Hero GoodLife
Stand a chance to win
100% Cashback | 24 Carat Gold Coin
and many more assured benefits*
Also available on Flipkart amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ˆBasis data available in public forum for products in 100cc Motorcycle segment. ˅Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. *Limited period offer,T&C apply.⁺As per cumulative sales numbers till August 2025.#Ex-showroom price of HF Deluxe Pro in Raipur.
TOLL FREE
1800 266 0018
अधिकृत डीलर: बिलासपुर: सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो 9289922706, अंबिकापुर: आनंद हीरो 9289922359, सरगुजा हीरो 9289923110, कोरबा: शांति हीरो 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो 9289923057, रायगढ़: गोयल हीरो 9289922373, आदित्य हीरो 9289923091, जांजगीर: आनंद हीरो 9289922772, बैकुंठपुर: आर.के. हीरो 9289922812, जशपुर: आकाश हीरो 9289922909, एसोशिएट डीलर: खड़गांव: बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415, चौरा: ओम ऑटो एजेंसी: 7000316070, सरिया: अग्रवाल ऑटो सेण्टर 9993121909, गौरेला: श्री माँ नर्मदा मोटर्स 7587796622 / 7587796611, सनावल: सोनी ऑटोमोबाइल्स 9479235816, रतनपुर: माँ महामाया मोटर्स 9754240437 / 8839972027, बलोदा: श्री कमला ऑटो 9926515216, मरवाही: राहुल ऑटोमोबाइल्स 8889467369 / 8719087320, मुगेली: महावीर मोटर्स 9993855199, मनेन्द्रगढ़: विवेक ट्रेडर्स 6261178785, कटघोरा: श्री शारदा एंटरप्राइज 9809809925, शिवरीनारायण: सुल्तानिया ऑटा केयर 9407600319, सक्ती: गोयल ऑटो 9303571001, 7000490324, खरसिया: विजय ऑटो एजेंसी 9993093829, सीतापुर: श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांव: ज्योति ऑटो 9406399000, सारंगढ़: गोपाल ऑटो सेंटर 9827893203, सूरजपुर: आशा ऑटोमोबाईल्स 9826440096, अकलतरा: श्री ऑटो 9424174274, कोटा: उर्मिला मोटर्स 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स: 6268000180 / 8718888789, रामानुजगंज: प्रीति ऑटोमोबाईल 8827674000, बाराद्वार: दुर्गा ऑटो एजेंसी 8319982160, उदयपुर: बंसत ऑटोमोबाईल्स 9406022927, तपकरा: प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुर: तायल ऑटोमोबाईल्स 9617218005, पटना: आयुश ऑटोमोबाईल्स 8839141926, पाली: आनंद ऑटोमोबाईल 7089519999, राजपुर: महामाया एजेंसी, 9516209272 / 9340726288, महापाली: साहू ऑटोमोबाइल, 7746028455, मदनपुर: ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपत: मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, ऐडिशनल वर्कशॉप: अम्बिकापुर: आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: ओरियन ऑटोव्हील्स 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्कस्: उरगा: बालाजी सर्विस स्टेशन 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: बिलासपुर (सकरी) सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पा: आनंद हीरो 7909901444, कोरबा: शांति हीरो, 7440299000 Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुर: सत्या हीरो 9289922464, खड़गांव: बंसल ऑटो एजेंसी 7000103415.
VML.5840.2025HIN

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

### नवरात्रि आज से

## आजादी के समय 1947 के जश्न में लगा था पेड़, इसके नीचे 78 साल पुराना मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बिलासपुर



जरहाभाटा चौक स्थित नव दुर्गा शक्ति पीठ मंदिर अपने आप में बहुत खास है। नवरात्र के शुरू होने से पहले ही क्षेत्रवासी मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश जलवाने के लिए अपना नाम लिखवाने पहुंचने लगते हैं। यहां विराजमान देवी की इतनी ख्याति है की पूरे क्षेत्र को ही मंदिर चौक के नाम से जाना जाता है। खास बात है कि इस मंदिर में वैष्णव देवी मंदिर से लाई गई एक अखंड ज्योति भी जलाई जाती है। इस नव दुर्गा शक्ति पीठ ट्रस्ट के मुताबिक जब 1947 में भारत आजाद हुआ तब आजादी का ▶▶।शेष पेज 5 पर

### 9 अप्रैल 1984 को मां दुर्गा की स्थापना हुई

9 अप्रैल 1984 को रामनवमी के अवसर पर गाजे-बजे के साथ यहां मां दुर्गा की स्थापना की गई। तब से यह मंदिर के प्रति श्रद्धा और भक्तों की संख्या बढ़ती ही चली गई. इसके अलावा 1996 में ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा वैष्णव देवी मंदिर से जोत लाया गया था। तब से यहां अखंड ज्यो जली हुई है। यहां भक्त सालों से दर्शन के लिए लगातार आ रहे हैं। यहां लोग माता से सच्चे मन से जो मन्नत मांगते ▶▶।शेष पेज 5 पर

## ओमान और लंदन से ज्योति पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। धमतरी

अंचल में प्रसिद्ध मां अंगारमोती का दरबार शारदीय नवरात्रि के लिए सज गया है। रविवार को माता के दरबार में मनोकामना ज्योति पंजीयन कराने श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भारत के विभिन्न प्रदेश के अलावा विदेश से भी ज्योति जलाने लोग पहुंच रहे हैं। शाम तक यहां 4500 से अधिक ज्योत का पंजीयन किया जा चुका था। नवरात्रि की तैयारी में ट्रस्ट के कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। ▶▶।शेष पेज 5 पर



**यूके से ज्योति पंजीयनः** आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने बताया कि रविवार शाम तक 1307 घृत तथा 3486 तेल ज्योति का पंजीयन हो गया ▶▶।शेष पेज 5 पर

## मां दंतेश्वरी मंदिर में कैलिफोर्निया के भक्त ने जलाई मनोकामना ज्योत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

आज प्रज्ज्वलित होने वाली मनोकामना ज्योत में सात समुंदर पार के भक्त के नाम का भी ज्योत जलाई जाएगी। अमेरिका के कैलिफोर्निया के भक्त ने शारदीय नवरात्रि में मनोकामना ज्योत की रसीद कटाई। इस नवरात्रि में तेल के 9469 और घी के 1785 दिए अभी तक बुकिंग किए गए हैं। मां दंतेश्वरी की ▶▶।शेष पेज 5 पर



### शारदीय नवरात्रि पर मंदिरों में प्रज्ज्वलित होंगे दो लाख से अधिक ज्योति कलश

## मंदिरों के प्रति आस्था की डोर सीमाओं के भी पार, विदेशी भक्तों ने ज्योत जलवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बिलासपुर

देवी उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्र सोमवार से शुरू हो रहा है। रतनपुर की महामाया मंदिर, मल्हार की डिडनेश्वरी देवी, तिफरा काली मंदिर, हरदेव लाल मंदिर, जरहाभाठा दुर्गा मंदिर, मां सतबहिनिया मंदिर, बंधवापारा, पीतांबरा पीठ सरकंडा सहित, कोरबा के सर्वमंगला मंदिर, सक्ती जिले के चंद्रपुर स्थित चंद्रहासिनी मंदिर के साथ ही अंबिकापुर के महामाया मंदिर में करीब दो लाख से अधिक ज्योति ▶▶।शेष पेज 5 पर



### प्रमुख मंदिरों में प्रज्ज्वलित ज्योति कलश

- बिलासपुर महामाया मंदिर रतनपुर - 40 हजार
- सर्वमंगला मंदिर - 10 हजार
- चंद्रहासिनी मंदिर- 16 हजार
- अंबिकापुर का महामाया मंदिर - 14 हजार
- बिलासपुर का बैमा नगोई मंदिर- 2100


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) = | ₹78905/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) = | ₹96370/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) = | ₹105196/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels
Pandri, Raipur

*Conditions apply


# पीएम मोदी बोले- हर घर को बनाना है स्वदेशी का प्रतीक

## आज से जीएसटी की नई दरें, प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को किया संबोधित

*जीएसटी दरों में कटौती लागू होने से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने की पुरजोर वकालत की। उन्होंने कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की वृद्धि गाथा को गति देंगे, कारोबारी सुगमता को बढ़ाएंगे और अधिक निवेशकों को आकर्षित करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें हर घर को स्वदेशी का प्रतीक बनाना है, हर दुकान को स्वदेशी से सजाना है। मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि नवरात्रि के पहले दिन से 'जीएसटी बचत उत्सव' शुरू होगा। आयकर छूट के साथ यह ज्यादातर लोगों के लिए 'दोहरा लाभ' होगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

पीएम मोदी ने कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की वृद्धि गाथा को गति देंगे, कारोबारी सुगमता को बढ़ाएंगे और अधिक निवेशकों को आकर्षित करेंगे। मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि नवरात्रि के पहले दिन से 'जीएसटी बचत उत्सव' शुरू होगा और आयकर छूट के साथ यह ज्यादातर लोगों के लिए 'दोहरा लाभ' होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि विकास की दौड़ में सभी राज्य समान हितधारक होंगे। उन्होंने राज्यों से 'आत्मनिर्भर भारत' और स्वदेशी अभियानों को ध्यान में रखते हुए विनिर्माण को गति देने का आग्रह किया। मोदी ने कहा, ▶▶।शेष पेज 5 पर

### स्वदेशी पर करें गर्व

प्रधानमंत्री मोदी ने देश के लोगों से स्वदेशी सामान बेचने और खरीदने में गर्व महसूस करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी आंदोलन की तरह, भारत की समृद्धि भी स्वदेशी के मंत्र से मजबूत होगी। हमारे देश की समृद्धि को बढ़ाने के अभियान में स्वदेशी को अपनाना ही ताकत देगा। पीएम मोदी ने इसके साथ ही विकसित भारत तक जाने के रास्ते को आत्मनिर्भरता से भी जोड़ा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए हमें आत्मनिर्भरता को बढ़ाना होगा।



### इसको कवर

- तेजी से खपत होने वाले उत्पाद
- ऑटोमोबाइल
- बैंकिंग
- ई-कॉमर्स
- हेल्थकेयर
- इंश्योरेंस
- इलेक्ट्रॉनिक्स

### व्यापार और निवेश को बढ़ावा

पीएम मोदी ने कहा कि जीएसटी सुधार से कारोबार और निवेश दोनों आसान होंगे। यह बदलाव भारत की ग्रोथ स्टोरी को आगे बढ़ाएगा। इस दौरान उन्होंने याद दिलाया कि 2017 में जीएसटी लागू होने के समय देश में दर्जनों अलग-अलग टैक्स थे, जैसे कि एंट्री टैक्स, सेल्स टैक्स, एक्साइज, वैट, सर्विस टैक्स आदि। नए सुधार इन जालों को सरल बनाएंगे और व्यापारियों को राहत देंगे।

### इन पर मिलेगा फायदा

- शैंपू, साबुन जैसे दैनिक उपयोग के उत्पाद
- बेबी फूड और बेबी केयर उत्पाद
- हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस
- कुछ इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स (जिन पर इनपुट टैक्स क्रेडिट लागू है)

### देश के हर वर्ग को फायदा

प्रधानमंत्री ने कहा कि नए जीएसटी सुधारों से गरीब, मध्यम वर्ग, न्यू मिडिल क्लास, युवा, किसान, महिलाएं, दुकानदार और व्यापारी सभी को लाभ मिलेगा। त्योहारों के इस मौसम में इस बचत उत्सव से लोगों के चेहरे पर मुस्कान आएगी। होटल, यात्रा, वाहन और सामान की खरीद पर कम जीएसटी होने से आम जनता की जेब पर बोझ कम होगा।

### फायदा न मिले तो कहां करें शिकायत

- उपभोक्ता मंत्रालय के कंज्यूमर हेल्पलाइन मोबाइल नंबर 8800001915 पर एसएमएस या वॉट्सएप कर सकते हैं।
- अपनी समस्या 1800114000 पर भी दर्ज करा सकते हैं। यह सुबह 8 से शाम 8 बजे के बीच ही दर्ज कराई जा सकती है।
- नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन एप और उमंग एप के जरिये भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इसके जरिये शिकायत की ट्रेकिंग भी कर सकेंगे।

**एक्सपर्ट व्यू**

### उपभोक्ता खुद जान सकेंगे

उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि यह एक सकारात्मक और पारदर्शी पहल है। उपभोक्ता अब खुद यह जान सकेंगे कि उन्हें जीएसटी दरों में कटौती का सीधा लाभ मिल रहा है या नहीं। इससे बाजार में अनियमितता की संभावना घटेगी और टैक्स सुधारों को ग्रासरूट लेवल पर लागू करना आसान होगा। बिजनेस एक्सपर्ट कहते हैं कि जीएसटी पोर्टल और हेल्पलाइन के जरिए उपभोक्ता आवाज उठा सकेंगे, जो ट्रांसपेरेंसी बढ़ाने में मदद करेगा। इससे टैक्स चोरी और फर्जी बिलिंग जैसे मामलों पर लगाम लगेगी

**खबर संक्षेप**

### पीएम मोदी आज त्रिपुरेश्वरी मंदिर का करेंगे उद्घाटन

**अगरतला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को त्रिपुरा आएंगे और गोमती जिले में पुनर्विकसित त्रिपुरेश्वरी मंदिर का उद्घाटन करेंगे। यह मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है। इसका पुनर्विकास केंद्र की प्रसाद (तीर्थयात्रा पुनरुद्धार एवं आध्यात्मिक संवर्धन अभियान) योजना के तहत 52 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है ताकि पूर्वोत्तर राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके। इसका निर्माण महाराजा धन्य माणिक्य ने 1501 में करवाया था। मोदी 22 सितंबर को अपराह्न करीब तीन बजे उदयपुर पहुंचेंगे और वहां पूजा-अर्चना करेंगे। पुनर्विकसित त्रिपुरेश्वरी मंदिर का उद्घाटन करेंगे। यह 45 मिनट का कार्यक्रम होगा। प्रधानमंत्री इस दौरान कोई भाषण नहीं देंगे। लाठेर के अनुसार प्रधानमंत्री के दौरे की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### हवाई अड्डे पर गांजे की तस्करी का प्रयास नाकाम

**चेन्नई।** सीमा शुल्क विभाग ने चेन्नई अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 11.9 किलोग्राम गांजे की तस्करी के प्रयास को नाकाम करते हुए इस संबंध में दो यात्रियों को गिरफ्तार किया है। विभाग के अधिकारियों ने 18 सितंबर को थाईलैंड से यहां पहुंचे दो अलग-अलग यात्रियों को रोका और उनके सामान की जांच के दौरान प्रतिबंधित सामान बरामद किया। दोनों यात्रियों से कुल 11.9 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। तथा पूछताछ के दौरान यात्रियों ने पुष्टि की कि देश में मादक पदार्थों की तस्करी के लिए उन्हें पैसे देने का वादा किया था। संबंधित यात्रियों को स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत गिरफ्तार किया गया है।

### बीएसएफ के पाठ्यक्रम में अब ड्रोन युद्ध भी

**टेकनपुर।** बीएसएफ जवानों एवं अधिकारियों के लिए ड्रोन युद्ध को एक अनिवार्य विषय के रूप में जोड़ा है। इसके अलावा, ऑपरेशन सिंदूर के बाद नये युग के युद्ध के लिए स्वदेशी उपकरण विकसित करने के उद्देश्य से एक नवाचार केंद्र भी स्थापित किया है। मप्र में ग्वालियर के निकट टेकनपुर स्थित लगभग 2.70 लाख कर्मियों वाले बीएसएफ के शीर्ष अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में ड्रोन प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला भी बनाई है। यह संस्थान केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत अर्द्धसैनिक बल द्वारा संचालित एकमात्र उच्च शिक्षा संस्थान है।

### रावसवाही में कबड्डी मैच के दौरान दर्दनाक घटना

## बिजली करंट की चपेट में तीन खिलाड़ियों की मौत, 3 घायल

हरिभूमि न्यूजः कोंडागांव/केशकाल

बड़ेराजपुर ब्लॉक के ग्राम रावसवाही में हो रहे कबड्डी मैच के दौरान बड़ा हादसा हो गया। तेज आंधी-तूफान के चलते मैदान में लगा टेंट उखड़कर 11 केवी बिजली लाइन से टकरा गया। करंट की चपेट में आने से 3 खिलाड़ियों की मौत हो गई और 3 गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के दौरान कई लोग करंट की चपेट में आकर बेहोश हो गए। घायलों को तुरंत विश्रामपुरी अस्पताल पहुंचाया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारती ने बताया कि 6 लोगों को अस्पताल लाया गया, जिनमें से 3 की मौत अस्पताल लाने से पहले ही हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही जिला भाजपा अध्यक्ष सेवक राम नेताम सहित अन्य जनप्रतिनिधि अस्पताल पहुंचे और घायलों से मिले। जिला पंचायत सदस्य रामचरण शोरी ने सरकार से मृतकों और ▶▶।शेष पेज 5 पर



### टेंट के लोहे को छू गई 11 केवी की लाइन

*अधिकारी ने बताया कि अचानक आए तूफान के कारण 11 केवी की बिजली की लाइन मैदान पर लगाए गए टेंट के लोहे के खंभे से छू गई, जिसके कारण कई दर्शकों को बिजली का झटका लगा। स्थानीय ग्रामीणों ने छह घायलों को विश्रामपुरी के एक अस्पताल पहुंचाया, जहां तीन को मृत घोषित कर दिया गया।*

### इनकी हुई मौत

- सतीश कुमार (24), निवासी गरांजीडीही
- श्याम नेताम (25), निवासी पांडेपारा
- सुनील शोरी (25), निवासी बांसकोट

### ये खिलाड़ी हुए घायल

- शिवम दास (16), निवासी बांसकोट
- सुविलाल मरकाम (25), निवासी रावसवाही
- अन्य घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

## ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा ने फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता दी, भड़के नेतन्याहू

**लंदन।** ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा ने अमेरिका और इजराइल के विरोध को दरकिनार करते हुए फलस्तीनी राष्ट्र को औपचारिक रूप से मान्यता देने की रविवार को पुष्टि की। राष्ट्रमंडल में शामिल और इजराइल के लंबे समय से सहयोगी इन देशों की यह पहल गाजा में जारी युद्ध में इजराइल की हरकतों के प्रति बढ़ते आक्रोश को दर्शाती है। इस बीच, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि फलस्तीनी राष्ट्र की स्थापना नहीं होगी। उन्होंने विदेशी नेताओं पर हमास को इनाम देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं होगा। जॉर्डन नदी के पश्चिम में फलस्तीनी राष्ट्र की स्थापना नहीं होगी।

- गाजा में जारी युद्ध से कई देशों में आक्रोश

### घोषणा का स्वागत

फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने ब्रिटेन की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप न्यायपूर्ण शांति कायम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण व आवश्यक कदम है। ब्रिटेन ने अमेरिका के विरोध को दरकिनार करते हुए यह कदम उठाया है। कुछ दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिटेन की यात्रा के दौरान इस योजना से असहमति जताई थी।

**अमेरिका-इजराइल ने की निंदाः** अमेरिका और इजराइल सरकार के साथ-साथ विभिन्न आलोचकों ने इस योजना की निंदा करते हुए कहा है कि यह हमास और आतंकवाद को बढ़ावा देगी। आलोचकों का तर्क है कि मान्यता देना अनैतिक और एक खोखला कदम है, क्योंकि फलस्तीनी लोग दो क्षेत्रों- वेस्ट बैंक और गाजा- में विभाजित हैं, जिनकी कोई मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय राजधानी नहीं है। पिछले 100 वर्षों में पश्चिम एशिया की राजनीति में फ्रांस और ब्रिटेन की ऐतिहासिक भूमिका रही है।

## छग व बिहार समेत 21 राज्यों में बारिश का अलर्ट, दिल्ली में सताएगी उमस-गर्मी

### पहाड़ी इलाकों में फिलहाल बारिश की संभावना कम, फिर भी अलर्ट रहने कहा

**नई दिल्ली।** देशभर में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कहीं तेज धूप के कारण गर्मी असर दिखाने लगी है तो दूसरी तरफ मानसून की विदाई से पहले कुछ राज्यों में जोरदार बारिश देखने को मिल रही है। छत्तीसगढ़ और झारखंड में अगले 4 दिनों तक आंधी-तूफान के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है, शनिवार को राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में बादल जमकर बरसे। भारतीय मौसम विभाग ने सोमवार से बुधवार तक मध्य प्रदेश, गुजरात और उत्तराखंड समेत 21 राज्यों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून की विदाई से पहले म्यांमार और बांग्लादेश तटों के पास बंगाल की खाड़ी में 25 सितंबर के आस-पास एक नया कम दबाव वाला क्षेत्र बनने की संभावना है। इससे ओडिशा में 23-26 सितंबर, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश के कुछ इलाकों में 24-26 सितंबर को भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा उत्तर-पूर्वी राज्यों के कुछ हिस्सों में अगले 4-5 दिनों तक भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है।

### जाते-जाते राजस्थान को खूब भिगो रहा मानसून

राजस्थान में शनिवार को उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भरतपुर और जयपुर के कई इलाकों में तेज बारिश हुई। बीते 24 घंटे में भीलवाड़ा में सबसे ज्यादा 100 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। प्रदेश में पश्चिम हिस्से से मानसून रवाना हो गया है, लेकिन शेष हिस्से में सक्रिय बना हुआ है। मौसम विभाग ने रविवार को 8 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। दूसरी तरफ दिल्ली में बारिश होने के आसार नहीं है, जबकि उत्तर प्रदेश में बौछार पड़ सकती है।

### पहाड़ी राज्यों में मिलेगी राहत

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से राहत मिलती दिख रही है। अगले 3 दिन मौसम साफ रहेगा और इसके बाद 26 सितंबर तक हल्की बारिश होने के आसार हैं। अगले 2-3 दिनों के दौरान कुछ हिस्सों से मानसून की वापसी होने की संभावना है। इसी प्रकार उत्तराखंड में अगले 3 दिन भारी बारिश की संभावना नहीं है। रविवार को पहाड़ी इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। इसके बाद 24 सितंबर से तेज बारिश का दौर शुरू हो सकता है।

### छग सहित इन राज्यों में सक्रिय है मानूसन

कई राज्यों से मानसून लौट रहा है, लेकिन मध्य प्रदेश में सक्रिय बना हुआ है, जिससे शनिवार व रविवार को कई जिलों में कहीं तेज तो कहीं रिमझिम बारिश का दौर चला। भोपाल में सुबह से बादल छाए हुए हैं और रुक-रुककर बारिश हो रही है। छत्तीसगढ़ और झारखंड में अगले 4 दिनों तक आंधी-तूफान के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है, जबकि बिहार में 26 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है अगले 7 दिन तक मानसून की सक्रिय रहेगा।

### आवास एवं पर्यावरण विभाग ने जारी की सूचना

## विकास अनुज्ञा शुल्क : रायपुर, दुर्ग बिलासपुर होगा महंगा, कोरबा, जगदलपुर, नांदगांव सस्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

छत्तीसगढ़ के शहरों में अब किसी भी भूमि के लिए विकास अनुज्ञा शुल्क की दर तीन स्लैब में होगी। रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर में यह दर सबसे अधिक, इसके बाद कोरबा, जगदलपुर, राजनांदगांव, रायगढ़ और अंबिकापुर में दर कुछ कम होगी। इन शहरों के अलावा अन्य शहरों के निवेश क्षेत्र में दरें सबसे कम होंगी। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम में संशोधन के तहत यह बदलाव केंद्र सरकार के एक रीफार्म के तहत किया जा रहा है। राज्य सरकार ने यह बदलाव लागू करने के पहले 30 दिनों के अंदर दावा आपत्ति मंगाई है। इसके निराकरण के बाद नई दरें लागू हो जाएंगी। राज्य शासन के आवास एवं पर्यावरण विभाग ने इस संबंध में



**अलग खबर**

एक सूचना जारी कर संशोधन का प्रारूप जारी किया है। इस संबंध में कोई आपत्ति, दावा या सुझाव होने पर आवास एवं पर्यावरण विभाग नवा रायपुर अटल नगर में प्रस्ताव दिया जा सकता है। सूचना के मुताबिक विभाग ने कई और नियमों में संशोधन जारी किया है। भूमि विकास नियम के एक उप नियम के तहत अस्थायी ▶▶।शेष पेज 5 पर

### किस शहर के लिए विकास अनुज्ञा शुल्क कितना

*विकास अनुज्ञा शुल्क की दरें अलग-अलग शहरों के लिए अलग अलग रखी गई है। देय अनुज्ञा शुल्क रुपए और हेक्टेयर के हिसाब से वसूला जाना प्रस्तावित है। रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर के लिए यह दर 60 हजार रुपए। यह दर आवासीय या सार्वजनिक एवं अर्ध सार्वजनिक या औद्योगिक या परिवहन संबंधी उपयोग के लिए होगी। इन्ही शहरों में वाणिज्यक के लिए यह दर 1 लाख रुपए, आमोद प्रमोद या कृषि के लिए 30 हजार रुपए होगी। कोरबा, जगदलपुर,* ▶▶।शेष पेज 5 पर

### अब प्लींथ सर्टिफिकेट भी

*इन प्रस्तावित नियम में अब प्लींथ सर्टिफिकेट का प्रावधान भी जोड़ा गया है। भवन का स्वामी प्लींथ निर्माण पूरा होने के बाद एक प्रारुप में प्राधिकृत अधिकारी को सूचना देगा। प्राधिकृत अधिकारी या बाहरी एजेंसी ऐसी सूचना मिलने के बाद चार दिनों के अंदर वहां एकल संयुक्त निरीक्षण करेगा। निरीक्षण के बाद 48 घंटो के अंदर एक रिपोर्ट जमा करेगा। इसके सात दिनों के भीतर प्लींथ सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। जिसमें मकान स्वामी द्वारा पालन की जाने वाली शर्तें होंगी। स्वामी को जो निर्देश मिलेंगे उसका पालन करना* ▶▶।शेष पेज 5 पर

## तिरुपति बालाजी की दानपेटी से 100 करोड़ की चोरी का आरोप, सीआईडी जांच शुरू

**तिरुवनंतपुरम।** देश के सबसे अमीर तिरुपति बालाजी मंदिर में अब तक की सबसे बड़ी 'दानपेटी लूट' का आरोप है। बीजेपी नेता और तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम बोर्ड के सदस्य भानु प्रकाश रेड्डी ने सीसीटीवी फुटेज जारी कर सनसनीखेज खुलासा किया है। कहा, वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी सरकार में तिरुपति मंदिर की दानपेटी (परकामनी) से 100 करोड़ से अधिक राशि चोरी हुई थी। भानु प्रकाश रेड्डी ने यह भी दावा किया कि यह चोरी मंदिर कर्मचारी रविकुमार ने की थी, लेकिन रकम का एक हिस्सा जगन मोहन रेड्डी के पास भी पहुंचा है। भानु प्रकाश ने अपने दावे के समर्थन में कथित तौर पर एक फुटेज भी सार्वजनिक किया है।

- भाजपा नेता ने जारी किया सीसीटीवी फुटेज

### ताडेपल्ली पैलेस रुपए भेजने का आरोप

भानु प्रकाश रेड्डी का आरोप है कि मंदिर की दानपेटी से चुराई गई राशि का का बड़ा हिस्सा रियल एस्टेट में निवेश किया गया है। साथ ही एक हिस्सा मुख्यमंत्री जगन रेड्डी के निवास ताडेपल्ली पैलेस भेजा गया है। उन्होंने इसे तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम बोर्ड के इतिहास की सबसे बड़ी वित्तीय अनियमितता बताया है।

### हाईकोर्ट ने सीआईडी को सौंपी जांच

भाजपा नेता ने यह भी बताया कि आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने मामले की जांच सीआईडी को सौंपी है। कोर्ट ने एक महीने के अंदर सीलबंद लिफाफे में इसकी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। मीडिया में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, मामले को लोक अदालत के जरिए भी निपटाने की कोशिश की गई थी।

## चिंतन

# भारत में नवाचार को रफ्तार देगा अमेरिका का फैसला

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार भारत के साथ डबल गेम खेलने की कोशिश कर रहे हैं। एक तरफ वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दोस्त बताते हैं, उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हैं और दूसरी तरफ एक के बाद एक भारत के खिलाफ फैसले ले रहे हैं। दो दिन पहले ही ट्रंप ने ईरान में भारत द्वारा बनाए जा रहे चाबहार पोर्ट पर 2018 में दी गई प्रतिबंधों से छूट को रद्द करने की घोषणा की है। यह फैसला 29 सितंबर 2025 से लागू होगा। भारत ने अभी तक वहां 5,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। भारत इस पोर्ट के साथ एक आर्थिक क्षेत्र बनाने व अफगानिस्तान तक रेल नेटवर्क तैयार करने पर भी काम कर रहा है। इस परियोजना को पाकिस्तान में चीन की तरफ से निर्मित गवादर पोर्ट की तुलना में भारत की महत्वाकांक्षी कनेक्टिविटी परियोजना के तौर पर देखा जाता है। इस प्रोजेक्ट के साथ उज्बेकिस्तान, तुर्कमिनस्तान व यूएई जैसे देशों को जोड़ा जा रहा है, लेकिन अमेरिका का नया कदम पोर्ट परियोजना को लेकर अनिश्चितता पैदा कर देगा। अभी ये मामला ठंडा ही नहीं पड़ा था कि ट्रंप ने शुक्रवार को एच-1बी वीजा पर 100,000 डॉलर की एनुअल फीस लगाकर उन्होंने फिर भारत को झटका दिया। इससे यह प्रोग्राम लगभग खत्म हो जाएगा। इससे भारतीयों को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। अमेरिका में एच-1बी वीजा की एवरेज एनुअल सैलरी 66,000 डॉलर है। यह कदम अमेरिका के संरक्षणवादी रवैये को दर्शाता है। ट्रंप ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है जब भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की बातचीत धीरे-धीरे सामान्य होने की ओर बढ़ रही थी। हाल में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच की टीम भारत दौरे पर थी। उनकी भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता सकारात्मक रही। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि अब वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की अगले सप्ताह अमेरिका यात्रा पर जाने वाले हैं। वहां भारत-अमेरिकी व्यापार सरल बनाने पर चर्चा होनी है, लेकिन इससे पहले ही ट्रंप ने एच-1बी वीजा की फीस बढ़ाकर भारत पर एक बार फिर दबाव बनाने की कोशिश की है। अगर आंकड़ों को देखें तो अमेरिका हर साल 85,000 एच-1बी वीजा जारी करता है, जिनमें से लगभग 75 फीसदी भारत को मिलते हैं। ट्रंप के इस फैसले का असर भारत के आईटी इंजीनियर, डॉक्टर्स पर सबसे ज्यादा पड़ेगा। ट्रंप ने कहा है कि अब कोई भी कंपनी विदेशी कर्मचारियों को ट्रेनिंग नहीं देगी। अगर देगी तो सरकार को 100,000 डॉलर (लगभग 88 लाख रुपये) देने होंगे। फिर कर्मचारी को भुगतान करना होगा। ऐसे में यह आर्थिक रूप से सही नहीं है। अगर आप किसी को ट्रेनिंग देने जा रहे हैं तो आप अपने देश के बेहतरीन विश्वविद्यालयों से निकले हालिया ग्रेजुएट्स को ट्रेनिंग देंगे। कहा गया है कि एच-1बी प्रोग्राम के दुरुपयोग से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा है। इससे अमेरिकी नागरिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी में करियर बनाने से हतोत्साहित होते हैं, लेकिन ट्रंप ने सीधे-सीधे भारत को निशाने पर रखकर ये फैसला लिया है। वो किसी भी तरह से भारत पर दबाव बनाने की कोशिशों में लगे हैं। अनेक विशेषज्ञ मान रहे हैं कि ट्रंप का ये फैसला हमारे लिए फायदेमंद हो सकता है। ग्लोबल टैलेंट प्रतिबंध लगाने से लैब, पेटेंट, इनोवेशन और स्टार्टअप भारतीय शहरों की ओर चले जाएंगे, जिससे अमेरिका का नुकसान व भारत को फायदा होगा। ये कदम भारत के नवाचार को गति देगा। अब समय है कि हम अपने देश में विकास को गति दें ताकि अगली पीढ़ी को काम के लिए देश छोड़कर बाहर न जाना पड़े।

# समाजवाद, अहिंसा, लोककल्याण के अग्रदूत अग्रसेन महाराज



जयंती पर विशेष

ललित हीरालाल गर्ग

भारत भूमि में समय समय पर अनेकों महापुरुष अवतरित हुए है। महाराज अग्रसेन भारतीय सभ्यता के उन चिरस्थायी आदर्शों में से एक हैं, जिन्होंने समाज में समानता, अहिंसा और समुचित वितरण की भावना को जन्म दिया। युगाब्द से 22 वर्ष पूर्व ( ईसापूर्व 3124 ) द्वापर युग के अंतिम चरण में आश्विन शुक्ल प्रतिपदा को प्रतापनगर में सूर्यवंशी भगवान श्रीराम के बेटे कुश की 34वीं पीढ़ी के वंशज क्षत्रिय राजा वल्लभसेन व माता भगवतीदेवी के घर अग्रसेनजी का जन्म हुआ था। 15 वर्ष की आयु में अपने पिता राजा वल्लभसेन के साथ पांडवों की तरफ से कौरवों से महाभारत का युद्ध करते समय 10वे दिन भीष्म पितामह के बाणों से राजा वल्लभसेन को वीरगति मिलने से अग्रसेनजी प्रतापनगर के महाराज बनाये गये थे। नागकुमारी माधवी से विवाह कर उन्होंने द्वापर युग में 7 वर्षों तक प्रतापनगर में राज किया. द्वापर से कलयुग के परिवर्तन पर जब भगवान श्री कृष्ण ने अपना शरीर त्याग किया था, तब 22 वर्षीय महाराज श्री अग्रसेन ने वर्तमान हरियाणा के अग्रोहा में सरस्वती नदी के तट पर नए राज्य की स्थापना कर 101 वर्षों तक राज करने के उपरांत कुलदेवी महालक्ष्मी से परामर्श करके अपने ज्येष्ठ पुत्र विभु को शासन सौंपकर तपस्या करने चले गए और वानप्रस्थ आश्रम में तपस्या के दौरान भौतिक शरीर का परित्याग किया. उन्हें व्यापार, कृषि और समानता पर आधारित व्यवस्था लागू करने हेतु याद किया जाता है। एकबार अकाल पड़ने पर वे वेश बदल कर राज्य भ्रमण के दौरान चार सदस्यों के परिवार में गये. जो भोजन करने ही वाले थे कि अतिथि को देखकर चारो ने अपनी अपनी थाली से एक अंश निकाल कर अतिथि को परोसा। इसी से प्रेरणा लेकर महाराज अग्रसेन ने 'एक ईंट और एक रुपया' की नीति से समाज में नवआगंतुकों को आत्मनिर्भर बनाकर सामूहिक सहयोग और सामाजिक सुरक्षा की मिसाल पेश की। उस समय समाज जाति व अस्पृश्यता विहीन था तथा एक कुल से दुसरे कुल में स्वयंवर द्वारा योग्य वर का चयन कर विवाह सम्पन्न होते थे। क्षत्रिय होते हुए भी उन्होंने यज्ञों में पशु बलि का विरोध करते हुए अहिंसा का मार्ग चुना और राज्य की समृद्धि के लिए हिंसा- रहित अग्रवंश (वैश्य वर्ग) खड़ा किया।

महाराजा अग्रसेन ने अपने राज्य को 18 जनपदों (गणराज्य/राज्यांश) में विभाजित किया था और प्रत्येक गणराज्य के प्रशासनिक प्रमुख को उन्होंने अपने पुत्रवत माना था। महाराजा अग्रसेन ने अपने राज्य में लोकतांत्रिक प्रणाली की नींव भी रखी थी, जहाँ प्रत्येक जनपद से एक-एक प्रतिनिधि लेकर प्रशासन का संचालन होता था। प्रत्येक जनपद के अपने अपने गुरु थे जो ऋषि थे, वही आगे चल कर अग्रकुल कहलाए और उनके गोत्र उनके ऋषियों से ही बने।

| गणराज्य प्रमुख | गोत्र नाम | महर्षि जी का नाम |
|---|---|---|
| 1. विभु | गर्ग गोत्र | महर्षि गर्गाचार्य |
| 2. भीमदेव | गोयल गोत्र | महर्षि गोभिल |
| 3. शिवजी | गोयन गोत्र | महर्षि गौतम |
| 4. सिद्धदेव | बंसल गोत्र | महर्षि वत्स |
| 5. बासुदेव | कंसल गोत्र | महर्षि कौशिक |
| 6. बालकृष्ण | सिंघल गोत्र | महर्षि शांडिल्य |
| 7. धर्मनाम | मंगल गोत्र | महर्षि मंडव्य |
| 8. अर्जुन | जिंदल गोत्र | महर्षि जैमिन |
| 9. रणकृत | तुंगल गोत्र | महर्षि तांड्य |
| 10. गुप्तनाम | ऐरन गोत्र | महर्षि और्व |
| 11.पुष्पदेव | धारण गोत्र | महर्षि धौम्य |
| 12. माधोसेन | मधुकुल गोत्र | महर्षि मुद्गल |
| 13. केशवदेव | बिंदल गोत्र | महर्षि वशिष्ठ |
| 14.भुजमान | मित्तल गोत्र | महर्षि मैत्रेय |
| 15. कंवलदेव | कुच्छल गोत्र | महर्षि कश्यप |
| 16. गुणराज | नांगल गोत्र | महर्षि नगेन्द्र |
| 17. वासगी | भंदल गोत्र | महर्षि भारद्वाज |
| 18. शिवजीभान | तायल गोत्र | महर्षि तैलंग |

उक्त 18 गोत्र मूल ऋषियों के नामों पर आधारित हैं, जो अग्रवाल समाज की पहचान हैं. विचारणीय प्रश्न यह भी है कि यदि महाराजा श्री अग्रसेन जी के 18 पुत्र थे. तब तो सभी अग्रवाल आपस में पितृकुल से जुड़े भाई बहन हो जायेंगे तो अग्रवाल आपस में विवाह सम्बंध कैसे कर सकते है. संभव है कि हम सब महाराजा श्री अग्रसेन जी के आदर्शो पर चलने वाले भिन्न भिन्न जनसमूह से हो. लोकतांत्रिक शासन, न्यायप्रिय नीति, आर्थिक समानता और शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी सुविधाएँ हर नागरिक के लिए सुलभ कराने वाले अग्रसेनजी ने अपने समय में प्रजाहित को सर्वोपरि स्थान दिया। महाराज अग्रसेन के नेतृत्व में अग्रोहा राज्य व्यापार, सामाजिक समन्वय, धर्म, न्याय और समृद्धि का केंद्र बन गया था। महाराज अग्रसेन के नाम से देशभर में अस्पताल, विद्यालय, सामुदायिक भवन, धर्मशालाएँ संचालित हैं, जो उनके लोकहितकारी दृष्टिकोण का जीवंत उदाहरण हैं।

उनकी 5100 वीं जयंती के पावन अवसर पर 1976 में भारत सरकार द्वारा, 2016 में मालदीव द्वारा तथा 2017 में भारतीय डाक विभाग द्वारा अग्रसेन की बावली पर एक स्मारक डाक टिकिट जारी किये गये है. छत्तीसगढ़ सहित अनेक राज्य-सरकारों द्वारा उनके आदर्शो को स्वीकार कर उनके नाम पर प्रतिवर्ष रु. दो लाख से अधिक नगद पुरस्कार प्रदान किये जा रहे है. महाराज अग्रसेन न सिर्फ एक कालजयी शासक थे, बल्कि समता, उदारता व अहिंसा के ऐसे अनुकरणीय आदर्श हैं, जिनकी प्रेरणा आज भी सामाजिक उत्थान और सद्भाव की धुरी बनी हुई है। हर वर्ष हम अग्रसेन जयंती मनाते है, लेकिन अग्रकुल संस्थापक के इतिहास को अगली पीढ़ी तक नहीं पहुचा पाते है. कार्तिक अमावस्या को दीपावली, फाल्गुन पूर्णिमा को होली, चैत्र शुक्ल तेरस को महावीर जयंती, कार्तिक पूर्णिमा को गुरुनानक जयंती, चैत्र शुक्ल नवमी को रामनवमी, भाद्रपद कृष्ण अष्टमी को जन्माष्टमी और आश्विन माह शुक्ल प्रतिपदा को श्री अग्रसेन जयंती इस बात के द्योतक हैं कि हमारे सभी व्रत त्यौहार तिथि आधारित हैं ना कि ग्रेगोरियन कलेंडर के दिनांक आधारित। इन्ही त्रुटियों को दूर करने हेतु देश के जानेमाने हिंदू चिंतक एवं विचारक अग्रकुल के ही सुनील गंगाराम गर्ग द्वारा संपादित व ललित हीरालाल गर्ग के बिलासपुर आवास से हिंदू दैनंदिनी न्यास द्वारा नववर्ष चैत्र प्रतिपदा युगाब्द 5127 के पावन अवसर पर बिलासपुर से विगत पांच वर्षो से लगातार हिंदू दैनंदिनी प्रकाशित कर अग्रवंश सहित हिंदु समाज को वास्तविकता से अवगत कराने हेतु विश्व में पहली बार हिंदू तिथि को अंको में लिखने की विधि सहित सरल भाषा में तिथि, व्रत, त्यौहार, ऋतु आदि एकसाथ उपलब्ध कराकर हिंदुत्व के विलुप्त होते सद्गुणों को सहेजने व नई पीढीयों को अपने वैभवशाली इतिहास से अवगत कराने हेतु उद्यम किया जा रहा है.



### श्री श्री 1008 श्री महाराजा अग्रसेन की विशेषताए

**दो युगों के दृष्टा :** द्वापर के अंत से लेकर कलयुग में भी राज

**जाति विहीन समाज :** सूर्यवंशी होकर नागवंशी से विवाह

**अहिंसा :** पशुबलि/मांसाहार का त्याग कर शाकाहार अपनाया

**वर्ण परिवर्तन :** क्षत्रिय वर्ण को त्याग शुद्ध सात्विक वैश्य वर्ण अपनाया

**समाजवाद :** समाज से नवआगंतुकों को एक ईंट और एक रुपया दिलवाकर समकक्ष बनाना

**धर्मार्थ कार्य :** आमदनी का निश्चित हिस्सा धर्मार्थ समाज को वापस करना

**समाजसेवा :** उस दौर में वृक्षारोपण, कुएं, बावड़ी, धर्मशालाओ का निर्माण

**गोत्र व्यवस्था :** 18 पुत्रों को यज्ञ कर 18 ऋषियों के मूल गोत्र दिलवाना

**सर्वाधिक न्यायपूर्ण राज :** 7 वर्षों तक द्वापर युग में तथा 101 वर्षों तक कलयुग में कुल 108 वर्षों न्यायपूर्ण राज करने वाले एकमात्र शासक।

उपरोक्त विशेषताओं को ध्यान रखते हुए उनके वंशज (स्टेक होल्डर) होने के नाते आज हमें जाति व्यवस्था का त्याग कर केवल गोत्र उपयोग करना ना केवल ज्यादा प्रासंगिक होगा, अपितु समग्र हिंदू समाज के उत्थान में सहायक होकर पुरुष/महिला के अनुपात की कमी को दूर कर सभी के विवाह सम्बंध में सहायक भी होगा. उनकी 5149वीं जयंती पर हिंदू समाज में व्याप्त बुराइयों का त्याग कर उपरोक्त महर्षियों के गोत्र उपनाम अपनाकर जाति विहीन समरस समाज बनाकर उनके आदर्शो को अपनाना हीं उनके प्रति सही सम्मान होगा. यदि आपके मन में जाति व्यवस्था के अस्तित्व में आने के कारण, अस्पृश्यता के कारण, हिंदुत्व के वैज्ञानिक सद्गुण व काल गणना से सम्बन्धित कोई प्रश्न हो तो निसंकोच सम्पर्क करे यथासम्भव निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।

## बिहार विस चुनाव

सुशील देव



# नई पार्टियों की एंट्री बदलेगी गणित या बढ़ाएगी कंफ्यूजन

बिहार विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, राज्य की सियासत में हलचल तेज हो गई है। इस बार की सबसे खास बात यह है कि कई नई राजनीतिक पार्टियां मैदान में उतर चुकी हैं। इससे न केवल राजनीतिक समीकरण बिगड़ सकते हैं बल्कि मतदाताओं के बीच असमंजस की स्थिति भी पैदा हो रही है। जहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और महागठबंधन (राजद-कांग्रेस गठबंधन) चुनावी अखाड़े में प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं, वहीं इस बार नई पार्टियों की मौजूदगी ने पुराने दलों के लिए सिरदर्द बढ़ा दिया है। नई पार्टियों में सबसे ज्यादा चर्चा चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की अगुवाई वाली जन सुराज पार्टी की है जो इन दिनों बड़ी चुनौती के रूप में उभरी है। जन सुराज को लंबे समय तक देशभर की राजनीति में चुनावी रणनीतियों के लिए डिजाइन किया है। अब वे खुद अपनी पार्टी के साथ मैदान में हैं। खास बात यह है कि उन्होंने बिहार की जनता के बीच अपनी अलग पहचान बनाई है। गांव-गांव जाकर संवाद, पदयात्रा और जनता से सीधे संपर्क के जरिए उन्होंने साफ संदेश दिया है कि उनकी राजनीति जाति और धर्म के बंधनों से परे होगी। यही वजह है कि जन सुराज पार्टी को इस बार 'गंभीर खिलाड़ी' माना जा रहा है। वहीं पुरानी राजनीति को चुनौती देने वाली स्थिति भी रोमांचक है। बिहार की राजनीति पिछले पांच दशकों से लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार और दिवंगत रामविलास पासवान जैसे बड़े नेताओं के इर्द-गिर्द घूमती रही है। लेकिन इस बार तस्वीर बदलती नजर आ रही है। दो प्रमुख गठबंधनों के अलावा एआईएमआईएम (असदुद्दीन ओवैसी) और आजाद समाज पार्टी (चंद्रशेखर आजाद) भी सक्रिय हैं। इससे पहले बहुजन समाज पार्टी और प्लूरल्स पार्टी (पुष्पम प्रिया चौधरी) जैसी पार्टियां भी वोट कटवा की भूमिका निभा चुकी हैं। इन नई पार्टियों की मौजूदगी से यह तय है कि पारंपरिक वोट बैंक पर सेंध लग सकती है। जातिगत राजनीति बनाम स्वच्छ राजनीति भी इन दिनों में बिहार में चर्चा का विषय बना हुआ है। ध्यान रहे कि बिहार की राजनीति जातिगत समीकरणों से हमेशा प्रभावित रही है। इस बार भी कई छोटे दल ईबीसी (अति पिछड़ा वर्ग) और ओबीसी वोटरों को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। महागठबंधन का पारंपरिक मुस्लिम-यादव वोट बैंक भी सुरक्षित नहीं है, क्योंकि एआईएमआईएम जैसी पार्टियां उसी वर्ग को साधने की रणनीति बना रही हैं। दूसरी ओर एनडीए में भी पिछड़े वर्गों पर पकड़ बनाए रखने के लिए कड़ी चुनौती है। हालांकि, जन सुराज जैसी पार्टियां यह दावा कर रही हैं कि वे जाति-धर्म से ऊपर उठकर स्वच्छ राजनीति की नई शुरुआत करना चाहती हैं। यदि जनता ने इन दावों पर भरोसा किया तो यह बिहार की राजनीति के लिए बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। दिल्ली की सत्ता में काबिज आम आदमी पार्टी (आप) ने भी बिहार चुनाव को गंभीरता से लेने की तैयारी की है। भले ही राज्य में उसका कोई खास जनाधार न हो, लेकिन हर सीट पर उम्मीदवार उतारने का ऐलान करके उसने संदेश दिया है कि वह सिर्फ मौजूदगी दर्ज कराने नहीं बल्कि सशक्त विकल्प बनने का प्रयास कर रही है। वहीं, चिराग पासवान भी इस बार आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं। उन्होंने सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का इरादा जताया है। इससे न केवल एनडीए बल्कि महागठबंधन में भी असहजता है। जहां तक छोटे दलों की बात है, उनमें भी कई प्रकार से बदलाव देखे जा रहे हैं। अव्वल तो यह है कि ज्यादातर सभी सीटों से चुनाव मैदान में उतरने को आमादा हैं। बिहार में 243 विधानसभा सीटें हैं और लगभग हर सीट पर दर्जनों दावेदार नजर आते हैं। कई छोटे दल पहले से ही उम्मीदवारों का ऐलान कर चुके हैं, जबकि कुछ टिकट वितरण की प्रक्रिया में हैं। अक्सर छोटे दल चुनाव से पहले बड़ी पार्टियों के साथ अप्रत्याशित गठबंधन कर लेते हैं। कई बार उनका उद्देश्य सिर्फ एक या दो सीट जीतना नहीं बल्कि टिकट बंटवारे और गठबंधन की राजनीति से तवज्जो और पहचान हासिल करना होता है। कुछ दल तो चंदा जुटाने और अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए भी मैदान में उतरते हैं। इन सबके बीच बड़ी पार्टियों को वोट कटवा की चिंता है। नई पार्टियों की एंट्री ने जहां पुरानी पार्टियों के लिए चुनौतियां खड़ी कर दी हैं, वहीं मतदाताओं के लिए विकल्पों की भरमार से कंफ्यूजन बढ़ गया है। चुनावी परिणाम चाहे जो हो, इतना तय है कि इस बार का चुनाव राज्य की राजनीति की दिशा और दशा तय करने में निर्णायक साबित होगा। अगर नई पार्टियां जनता के विश्वास पर खरी उतरती हैं, तो बिहार की राजनीति में नई इबारत लिखी जाएगी। लेकिन अगर वे केवल वोट काटने तक सीमित रहीं, तो यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं होगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## नाम जप से मिट जाते हैं बुरे कर्म



संकलित

दर्शन

बुरे और अच्छे कर्मों का फल मिलता ही मिलता है। आपने भी कई बार लोगों को कहते सुना होगा कि इसके कर्म ही इसे ले डुबेंगे। दरअसल हर एक कर्म का फल यही इसी जिंदगी में भोगना है लेकिन क्या बुरे कर्म को कभी पूजा-पाठ या नाम जप से खत्म किया जा सकता है? इसका जवाब वृंदावन के जाने-माने संत प्रेमानंद महाराज ने दे दिया दिया है। एक भक्त के पूछे जाने पर प्रेमानंद महाराज ने तीन तरह के कर्मों के बारे में भी बताया। साथ ही उन्होंने समझाया कि नाम जप से कौन-कौन से बुरे कर्म खत्म किए जा सकते हैं और किन कर्मों का फल हमें किसी भी हालत में भुगतना ही पड़ता है। प्रेमानंद महाराज ने कहा कि जप से बुरे कर्म तो नष्ट हो जाते हैं लेकिन वर्तमान के बुरे कर्म। जो कर्म प्रारब्ध बन गया है वो नहीं। वो भोगना पड़ेगा। इस शरीर की रचना के वक्त जो प्रारब्ध बन गया है, वो भोगना ही पड़ेगा। वो नहीं काटा जा सकता है। बड़े-बड़े संतों को भी वो भोगना पड़ता है। अब अगर हम इतना डटकर नाम जप करें तो पहले जो वर्तमान की जो गलतियां हुई हमारी इस जन्म में वो पवित्र हो जाए। फिर पूर्व जन्मों का जो संचित यानी गोदाम जमा है वो भस्म हो जाए और प्रारब्ध को भोग लें तो हम निष्पात हो जाएंगे। भोग बड़ा कार्य है। इसलिए पूरा जीवन पाप ना करते हुए, धर्म से चलते हुए एक-एक कदम सावधानी से नाम जप करते हुए तब वो निष्पात हो जाता है। निष्पात होना बहुत कठिन है क्योंकि जबसे सृष्टि हुई तबसे हमारा हिसाब-किताब चल रहा है और आज तक भजन नहीं हुआ।

## लक्ष्य पर ध्यान लगाओ



संकलित

प्रेरणा

स्वामी विवेकानंद अमेरिका में भ्रमण कर रहे थे। एक जगह से गुजरते हुए उन्होंने पुल पर खड़े कुछ लड़कों को नदी में तैर रहे अंडे के छिलकों पर बंदूक से निशाना लगाते देखा। किसी भी लड़के का एक भी निशाना सही नहीं लग रहा था। तब उन्होंने एक लड़के से बंदूक ली और खुद निशाना लगाने लगे। उन्होंने पहला निशाना लगाया और वह बिलकुल सही लगा। फिर एक के बाद एक उन्होंने कुल 12 निशाने लगाये और सभी बिलकुल सटीक लगे। ये देख लड़के दंग रह गए और उनसे पूछा, भला आप ये कैसे कर लेते हैं? स्वामी जी बोले, तुम जो भी कर रहे हो अपना पूरा दिमाग उसी एक काम में लगाओ। अगर तुम निशाना लगा रहे हो, तो तम्हारा पूरा ध्यान सिर्फ अपने लक्ष्य पर होना चाहिए। तब तुम कभी चूकोगे नहीं। अगर तुम अपना पाठ पढ़ रहे हो, तो सिर्फ पाठ के बारे में सोचो. मेरे देश में बच्चों को यही करना सिखाया जाता है। इधर, एक और घटना है। एक बार स्वामी विवेकानंद विदेश यात्रा पर गये थे। उनका भगवा वस्त्र और आकर्षक पगड़ी देख कर लोग अचंभित रह गये और वे यह पूछे बिना नहीं रह सके, आपका बाकी सामान कहां है? स्वामी जी बोले, मेरे पास बस यही सामान है। तो कुछ लोगों ने व्यंग्य किया, अरे! यह कैसी संस्कृति है आपकी? तन पर केवल एक भगवा चादर लपेट रखी है। कोट-पतलून जैसा कुछ भी पहनावा नहीं है? इस पर स्वामी विवेकानंद जी मुस्कुराये और बोले, हमारी संस्कृति आपकी संस्कृति से भिन्न है।

## महालय पर प्रभात फेरी



'दुर्गा पूजा' उत्सव की शुरुआत के प्रतीक 'महालय' के अवसर पर गुरुग्राम में निकाली गई 'प्रभात फेरी'।

## आज की पाती


### नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती हो

नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती होना चाहिए। अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुर्माना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए। स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया जाए और स्कूलों से विद्यार्थियों के माता-पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे जाए कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन, मोटरसाइकिल, स्कूटर या फिर एक्टिवा चलाते समय हैलमेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है, न कि चालान के डर से।

*- विकास साहू, रायपुर*

## करंट अफेयर

# एक बार भारी आहार लेने से भी 'मेटाबॉलिज्म' व पाचन पर असर



नवरात्र शुरू हो रहे हैं और विशेषज्ञों की सलाह है कि इस दौरान उपवास करने वालों को रात्रि में अचानक भारी भोजन करने से बचना चाहिए। चिकित्सकों का मानना है कि ऐसा करना उनके 'मेटाबॉलिज्म' और पाचन तंत्र पर नकारात्मक असर डाल सकता है। आमतौर पर, नवरात्र में उपवास करने वाले श्रद्धालु दिन में फल और रात्रि में आलू-साबूदाना की खिचड़ी, सिंघाड़े के आटे का हलवा, लौकी, कद्दू, दूध, दही या पनीर इत्यादि चीजों का सेवन करते हैं। हालांकि, स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, नौ दिन तक खाने का यह पैटर्न नुकसानदायक साबित हो सकता है। दिनभर भोजन न करने से शरीर की ऊर्जा की जरूरत पूरी नहीं हो पाती है और शाम या रात्रि में भारी भोजन लेने से पाचन तंत्र पर दबाव पड़ता है। इससे अपच, एसिडिटी और पेट में भारीपन की शिकायत हो सकती है। दिल्ली स्थित अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल के 'डायटिक्स एंड न्यूट्रिशन विभाग' की वरिष्ठ कंसलटेंट दिव्या मलिक ने कहा, नौ दिन के उपवास में दिनभर कुछ न खाना और रात्रि में एक बार भारी भोजन लेने से पाचन तंत्र पर दबाव पड़ता है। मेटाबॉलिज़्म भी धीमा पड़ सकता है क्योंकि भूखे रहने के बाद एक बार में ज्यादा खाना खाने से शरीर कैलोरी को सही तरीके से जलाने में मुश्किल महसूस करता है।

## ऑफ बीट

# मनोभ्रंश का कारण बन सकती है कम घंटों की नींद



देर रात तीन बजे आंख खुलने के बाद लगातार टकटकी लगाये छत पर लगे पंखे या घड़ी को देखते रहने से सिर्फ अगले दिन के लिए ऊर्जा कम होती है। अमेरिका में बुजुर्गों पर किए गए एक दीर्घकालिक अध्ययन में अब यह सामने आया है कि ज्यादा समय तक ये समस्या हमारे मस्तिष्क के अंदर होने वाले उन बदलावों से जुड़ी हुई है, जो मनोभ्रंश का कारण बनते हैं। अमेरिका के मेयो क्लिनिक के शोधकर्ताओं ने 50 वर्ष और उससे अधिक आयु के 2,750 लोगों पर औसतन साढ़े पांच साल तक नजर रखी। अध्ययन में शामिल लोगों ने हर साल विस्तृत स्मृति जांच कराई और कई लोगों के मस्तिष्क स्कैन भी हुए, जिनसे भविष्य में संज्ञानात्मक समस्याओं के दो स्पष्ट संकेत मिले, जिनमें 'एमिलॉइड प्लेक' का निर्माण और मस्तिष्क के श्वेत पदार्थ में क्षति के छोटे-छोटे निशान शामिल हैं और इसे श्वेत पदार्थ 'हाइपरइंटेंसिटीज' भी कहते हैं। एक महीने के अंतराल पर कम से कम दो बार इस समस्या का निदान होने पर प्रतिभागियों को लंबे समय से इस समस्या से ग्रस्त माना गया। अध्ययन में पाया गया कि ये समस्या 16 प्रतिशत लोगों को प्रभावित करती थी। गहरी नींद में सोने वाले लोगों की तुलना में लंबे समय से अनिद्रा का शिकार लोगों की याददाश्त व सोचने की क्षमता में गिरावट देखी गई।

## ट्रेंड

### प्रगति की समीक्षा



लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर की प्रगति की समीक्षा की। यह दुनिया का सबसे बड़ा समुद्री संग्रहालय होगा। यह भारत की प्राचीन समुद्री परंपराओं को प्रदर्शित करेगा और पर्यटन, अनुसंधान, शिक्षा और कौशल विकास का केंद्र बनेगा।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### हिंसा भड़का रहा विहिप



विश्व हिंदू परिषद कौन होता है यह तय करने वाला कि कौन गरबा में जाएगा और कौन नहीं? यह सलाह सिर्फ आयोजकों को निर्देश देने तक सीमित नहीं है, बल्कि कुछ कट्टरपंथी तत्वों को हिंसा भड़काने और बल प्रयोग करने का खुला निमंत्रण है। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं!

- रामदास अठावले, केंद्रीय मंत्री

### डल झील साफ



पिछले पांच वर्षों के दौरान, डल-निगीन झील और इसके जलग्रहण क्षेत्र के संरक्षण का काम मिशन मोड में किया गया है। डल झील साफ हुई है और बड़ी संख्या में घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित कर रही है।

-मनोज सिन्हा, उपराज्यपाल, जम्मू-कश्मीर

### भाजपा की मिलीभगत



मानव-वन्य जीव संघर्ष के लिए भाजपा सरकार की अवैध कटाई करवाने की मिलीभगत ज़िम्मेदार है। जब पशुओं के सामने 'भोजन और आश्रय' का संकट आएगा तो वो हिंसक होंगे ही।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर

फोन: 401050,271016,फैक्स-271018

ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com

वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर

सोमवार 22 सितंबर 2025

आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा

वर्ष : 25, अंक : 180

पृष्ठ : 12+20 =32 मूल्य : 4.00***


मौसम

अधि. 33.6

न्यून. 24.5


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


डॉ. रमन ने कहा- बीसीसीआई नई ऊंचाईयों को छुएगा



*विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, हम सभी छत्तीसगढ़वासियों को विश्वास है कि प्रभतेज को दायित्व मिलने से बीसीसीआई नई उंचाईयों को छुएगा। यह उल्लेखनीय है कि उनकी जिम्मेदारी संभालने के बाद से ही छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की टीमें राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। हाल ही में छत्तीसगढ़ के दो खिलाड़ियों का चयन दिलीप ट्रॉफी के लिए हुआ और पहली बार मध्य क्षेत्र ने दिलीप*

▶▶| शेष पेज 5 पर

## भारत ने पाकिस्तान को फिर कूटा, एशिया कप में लगाया जीत का 'चौका'

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत ने एशिया कप के सुपर चार चरण के मैच में पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर विजयी अभियान जारी रखा है। भारत ने रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया। एशिया कप 2025 में भारतीय टीम की ये लगातार चौथी जीत है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 171 रन बनाए, इसके जवाब में अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने धमाकेदार पारियां खेली और भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। भारत ने 18.5 ओवर में 4 विकेट पर 174 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। भारत के लिए अभिषेक ▶▶| शेष पेज 5 पर

### एशिया कप : भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया




### टॉस जीतकर भारत ने की गेंदबाजी

भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पाकिस्तान ने साहिबजादा फरहान के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 171 रन बनाए। जवाब में अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने भारत को दमदार शुरुआत दिलाई और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी हुई। भारत ने 18.5 ओवर में चार विकेट पर 174 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

**नो-हैंडशेक**- एशिया कप सुपर-4 का हाई-वोल्टेज मुकाबला रविवार को दुबई में खेला गया। मैच शुरू होने से पहले टॉस के वक्त एक बार फिर से 'नो-हैंडशेक पार्ट-2' ड्रामा देखने को मिला। इससे पहले 14 सतिंबर को ग्रुप ए के मुकाबले के दौरान भी भारतीय भारतीय क्रिकेट कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस के समय पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था। बाद में उन्होंने अपने इस फैसले का बचाव भी किया है।

## बीसीसीआई में बढ़ेगी छत्तीसगढ़ की ताकत ज्वाइंट सेक्रेटरी बनेंगे प्रभतेज सिंह भाटिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ वार्षिक आम बैठक से पहले बोर्ड के खाली पड़े पदों के लिए उम्मीदवारों के नाम तय

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से जुड़े प्रभतेज सिंह भाटिया का प्रमोशन बीसीसीआई, भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड में लगभग तय हो चुका है। उन्होंने ज्वाइंट सेक्रेटरी के लिए नामांकन भर दिया है। रविवार को अनौपचारिक बैठक की, ताकि 28 सितंबर को होने वाली वार्षिक आम बैठक से पहले बोर्ड के खाली पड़े पदों के लिए उम्मीदवारों को अंतिम रूप दिया जा सके। जानकारी के मुताबिक जिन लोगों के नाम पर विचार किया गया, उन्हें बैठक में बुलाया गया था। 28 सितंबर को कोषाध्यक्ष से अब श्री भाटिया ज्वाइंट सेक्रेटरी बनेंगे। यह छत्तीसगढ़ के लिए एक और गर्व का क्षण है। श्री भाटिया इस समय में बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष हैं, जो पद छत्तीसगढ़ से पहली बार किसी व्यक्ति को मिला था। अब पुनः उन पर विश्वास जताते हुए उन्हें ज्वाइंट सेक्रेटरी ▶▶| शेष पेज 5 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

#### 12 करोड़ रुपए का लाल चंदन जब्त

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के एक फार्महाउस से लाल चंदन का लगभग 12 करोड़ रुपए मूल्य का विशाल भंडार बरामद किया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि चंदन की लकड़ी कुछ दक्षिणी राज्यों से तस्करी करके महाराष्ट्र में लाई गई थी। खुफिया जानकारी के आधार पर वन कर्मियों ने 18 सितंबर की रात पालघर तालुका के दहिसर वन क्षेत्र के साखरे गांव में खाली पड़े एक फार्महाउस पर छापा मारा।



## सिर्फ नए आवेदकों के लिए नया एच-1 बी वीज़ा शुल्क, मौजूदा धारकों को राहत

*नए वीजा शुल्क को लेकर अफरा-तफरी के बीच अमेरिका ने दी सफाई*

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एच-1बी वीजा के लिए एक लाख अमेरिकी डॉलर का नया शुल्क नए आवेदकों के लिए है। उन्हें इस शुल्क का एकमुश्त भुगतान करना होगा। यह स्पष्टीकरण अमेरिका में काम कर रहे हजारों पेशेवरों के लिए बड़ी राहत की बात है, जो इस नए नियम से प्रभावित होने को लेकर चिंतित हैं, इनमें बड़ी संख्या में भारतीय हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/वाशिंगटन

अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का नया एच-1बी वीज़ा शुल्क केवल नये आवेदकों पर लागू होगा। ट्रंप प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि 21 सितंबर की प्रभावी घोषणातिथि से पहले जमा किया गया एच1 बी वीजा आवेदन इससे प्रभावित नहीं होगा। इसके अलावा वर्तमान में अमेरिका से बाहर रहने वाले वीज़ा धारकों को भी देश में दोबारा प्रवेश के लिए शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता टेलर रोजर्स ने बताया, राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिकी कामगारों को प्राथमिकता देने का वादा किया था। यह समझदारी भरा कदम उसी का परिणाम है। उन्होंने कहा, यह उन अमेरिकी व्यवसायों को भी निश्चितता प्रदान करता है जो वास्तव में हमारे महान देश में बेहद कुशल कामगारों को लाना चाहते हैं, लेकिन प्रणाली की गड़बड़ी के कारण उन्हें आगे नहीं आने दिया जा रहा है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि एक लाख अमेरिकी डॉलर का शुल्क एकमुश्त है जो केवल नये आवेदन पर लागू होता है। 'यह केवल नए वीज़ा पर लागू होता है, नवीनीकरण या मौजूदा वीज़ा धारकों पर नहीं...। यूएससीआईएस निदेशक जोसेफ एडलो ने एक ज्ञापन में कहा कि ट्रंप की ओर से ▶▶| शेष पेज 5 पर

■ ट्रंप प्रशासन के स्पष्टीकरण से हजारों पेशेवरों की चिंता हुई दूर

**इधर, ट्रंप ने कहा-**

#### मिलना चाहिए नोबेल शांति पुरस्कार

ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष को व्यापार के माध्यम से सुलझाने का एक बार फिर दावा किया। उन्होंने कहा कि उन्हें 'सात युद्धों को समाप्त कराने' के लिए नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। ट्रंप ने 10 मई को घोषणा की थी कि वाशिंगटन की मध्यस्थता में भारत-पाक 'पूर्ण और तत्काल'




**ऐसा असर**

#### अध्ययन से संबंधित पूछताछ में 46 फीसदी कमी

अमेरिका में अध्ययन करने के इच्छुक लोगों के पिछले एक वर्ष में पूछताछ करने में 46 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है, जबकि पिछले दो वर्षों में कनाडा में अध्ययन से संबंधित पूछताछ में लगभग 75 प्रतिशत की कमी आई है। 'आईडीपी एजुकेशन' के शीर्ष अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वर्ष 1969 में ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा स्थापित, आईडीपी एजुकेशन अंतरराष्ट्रीय शिक्षा सेवाओं में एक वैश्विक अग्रणी संस्थान है जो छात्रों को विदेश में अध्ययन करने के उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है।

#### किसी की शादी कैंसिल कई का छूटा परिवार

कई लोगों को तो उड़ान भरने के इंतज़ार के दौरान ही इन वीजा नियम में बदलावों के बारे में पता चल गया, जिससे कुछ लोगों ने अपनी प्लानिंग पूरी तरह से कैंसिल कर दी, क्योंकि बड़ी टेक कंपनियों ने भी एच-1बी वीज़ा वाले कर्मचारियों को अगली सूचना तक अमेरिका छोड़ने से मना कर दिया। इनमें वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने अनिश्चितता के कारण अपनी शादी की यात्राएं रद्द कर दीं। तेलंगाना की एक महिला नाम ना जाहिर करने की शर्त पर अपना दुख बताती हैं। उन्होंने कहा, हमसे कहा गया कि 21 सितंबर की आधी रात से पहले इमिग्रेशन लाइन पार कर लें, हमने इसे पार कर लिया और हम बच गए लेकिन हमारे कई दोस्त भारत में हैं और वे अमेरिका की फ्लाइट नहीं पकड़ पा रहे हैं। तेलंगाना या आंध्र प्रदेश के काफी लोग अमेरिका में रहते हैं।





Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Low EMI offers are applicable for select HMSI models as follows: ₹49/- per day for Shine100 DX; ₹79/- per day for Shine125, SP125 & CB125 Hornet; ₹1999/- per month for Activa. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st October 2025. **Instant Cashback up to ₹5000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000. **An instant cashback of flat ₹2000 is applicable on a minimum full swipe transaction of ₹40000, and flat ₹3000 Instant cashback on a minimum full swipe transaction of ₹75001. **Instant Cashback up to ₹4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards. **The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. **The HDFC Bank Instant Cashback offer is valid until 31st October 2025, while the IDFC Bank Instant cashback offer is valid until 30th September 2025. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **BILASPUR:** Dream Honda - 9926802408; Maosaji Honda - 7024149881; **AKALTARA:** Bhagwati Honda - 9827527016; **AMBIKAPUR:** Mahamaya Honda - 7489027000; Jaswani Honda - 8358065000; **BAIKUNTHPUR:** Pramila Honda - 7000405012; **BARADWAR:** Ganpati Honda - 7974875687; **BILHA:** Sai Honda - 9179256022: **KAWARDHA:** Pratha Honda - 7400550099; **DHARAMJAIGARH:** Harsh Honda - 9424180180; **DIPKA:** Kamal Honda - 9111144667; **JANJGIR CHAMPA:** Gattani Honda - 7694011206; Shubh Honda (Baloda) - 8574921111; **JASHPUR:** Deo Narayan Honda - 94061084642; **KHARSIA:** Balaji Honda - 8269515770; **KORBA:** Vishal Honda - 9479025937; Krishna Korba Honda - 7747015377; JP Honda (Hardi Bazar) - 9826129114; Ashwini Honda (Urga) - 6232103023; Bharat Honda (GevraBasti) - 09301001739; **KOTA:** Prakash Honda - 9826417995; **KUNKURI:** Mansharam Honda - 8103798783; **LAILUNGA:** Atul Honda - 9424188280; **LORMI:** Mansi Honda - 9685010000; **MANENDRAGARH:** Harsh Honda - 9993883343; **MASTURI:** Rahul Honda - 9098619245; **PALI:** Mahamaya Honda - 8770804342; **PAMGARH:** Gautam Honda - 8962109746; **PANDARIYA:** Shri Balaji Honda - 7399330099; **PATHALGAON:** Dinesh Honda - 9993199987; **PENDRA ROAD:** Dev Honda - 9752998221; **RAHOD:** Shri Balaji Honda - 9977311242; **RAIGARH:** Sharda Honda - 8103664400; Shanti Auto Honda - 9343609280; **RAJPUR:** Maa Mahamaya Honda - 9424259688; **RAMANUJGANJ:** Vikas Honda - 9926158656; **RATANPUR:** Sunil Honda - 9893354893; **SAKTI:** Maa Durga Honda - 9685927215; **SARAIPALI:** Pukhraj Honda - 8889798000; **SARANGARH:** Akshat Honda - 9406353035; **SARSIVA:** Kanisk Honda - 9575533947; **SHEORINARAYAN:** Arav Honda - 8109955535; **SITAPUR:** Akash Honda - 9617378301; **PRATAPUR:** Shri Banbhori Honda - 8120806101; **SURAJPUR:** Shri Om Honda - 9826774095; **TAKHATPUR:** Dream Honda - 9303005917; **TAPKARA:** Jindal Honda - 9406384666; **WADRUFNAGAR:** KP Auto - 9826881578; **BILASPUR SAKRI:** Dream Honda Branch - 9516661444; **BILASPUR DAYALBANDH:** Maosaji Honda Branch - 9109690484; **GAURELLA:** Shyam Honda - 7024806222; **AHIWARA:** Kabiram Honda - 8319225193; Shree Sairam Honda (Risali) - 8823050333; **DANTEWADA:** Ansh Honda - 7000396031; **NEHRU NAGAR:** Aan Honda - 8581020999; **MUNGELI:** S. Mansi Honda - 9685010000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

# मंदिर के चढ़ावे से विवाह मंडप क्यों बना? तमिलनाडु सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने लताड़ा

## मंदिरों की संपत्ति और चढ़ावे का इस्तेमाल ऐसे हॉलों के लिए नहीं हो सकता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि धार्मिक स्थलों की संपत्ति और चढ़ावे से मिले फंड का इस्तेमाल मैरेज हॉलों के लिए नहीं हो सकता। अदालत ने चेतावनी दी कि अगर मंदिर का एक भी रुपया इस दिशा में खर्च हुआ तो इसे अदालत की अवमानना माना जाएगा।सुप्रीम कोर्ट ने उस मामले में सख़्त नाराज़गी जताई है, जिसमें मंदिर फंड का उपयोग विवाह मंडप बनाने में किया जाना था। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने साफ कहा कि धार्मिक स्थलों की संपत्ति और चढ़ावे से मिले फंड का इस्तेमाल ऐसे हॉलों के लिए नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के बाद अब यह साफ हो गया है कि भक्तों का दान किसी भी हाल में विवाह भवन जैसे प्रयोगों में खर्च नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी न सिर्फ़ तमिलनाडु बल्कि पूरे देश के मंदिर ट्रस्टों के लिए एक बड़ा संदेश है—धार्मिक निधि का दुरुपयोग नहीं चलेगा।

### विवाह समारोह में क्या नहीं होता : पीठ ने पूछा

पीठ ने तल्ख़ लहज़े में कहा कि "मंदिर के प्रांगण में विवाह भवन बनेगा तो वहाँ सिर्फ़ सात फेरे और शंखध्वनि ही नहीं होंगे, बल्कि शराब परोसने और भद्दे नृत्य-गीतों की भी गुंजाइश रहेगी। इस पर नियंत्रण कैसे होगा?" अदालत ने स्पष्ट किया कि भक्तजन मंदिर में चढ़ावा विवाह भवनों के लिए नहीं चढ़ाते, उनका योगदान धार्मिक और परोपकारी कार्यों के लिए होता है।






### तमिलनाडु सरकार ने रखा अपना पक्ष

तमिलनाडु सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और जयदीप गुप्ता ने दलील दी कि राज्य में मंदिर परिसरों में विवाह होना एक सामान्य परंपरा है और यहां विवाह हमेशा धार्मिक रीतियों से संपन्न होते हैं, जहां न तो अश्लील नृत्य होता है और न ही शराब परोसी जाती है। उनका तर्क था कि विवाह हॉल बनाना सार्वजनिक हित में है।

### मंदिर फंड का उपयोग परोपकार में क्यों नहीं : सुप्रीम कोर्ट

*सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की दलील को ठुकराते हुए सवाल उठाया कि आखिर मंदिर फंड का उपयोग अस्पतालों, स्कूलों या अन्य परोपकारी कार्यों में क्यों नहीं किया जा सकता? अदालत ने साफ कहा कि राज्य सरकार को मंदिर संपत्ति को लेकर किसी भी तरह का व्यावसायिक प्रयोग करने की इजाज़त नहीं है।*

### मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को दी थी चुनौती

*बता दें इससे पहले मद्रास हाईकोर्ट ने भी सरकार के उस आदेश को निरस्त कर दिया था, जिसमें तमिलनाडु के पाँच बड़े मंदिरों के फंड से विवाह भवन बनाने की मंजूरी दी गई थी। हाईकोर्ट के उसी आदेश को चुनौती देते हुए राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुँची थी, लेकिन यहाँ भी उसे करारा झटका लगा।*

---

## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश में भूकंप का झटका, जनहानि नहीं



**ढाका।** ढाका और बांग्लादेश के कई अन्य हिस्सों में रविवार दोपहर को भूकंप का हल्का झटका आया, जिसका केंद्र छातक, सिलहट में था। बांग्लादेश मौसम विज्ञान विभाग के हवाले से बताया कि दोपहर 12:19 बजे 4.0 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया, जिसका केंद्र ढाका से लगभग 185 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में था। चार तीव्रता का यह भूकंप एक हल्का भूकंप था, जिसका केंद्र छातक, सिलहट में था। बांग्लादेश में भूकंप के दो स्रोत हैं, एक उत्तर में और दूसरा पूर्व में।

### पाकिस्तान में सेना ने मार गिराए सात आतंकवादी

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक खुफिया-आधारित अभियान के दौरान प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन 'तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान' के सात आतंकवादी मारे गए। सेना ने बताया कि टीटीपी के आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद दक्षिणी वजीरिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले में शनिवार को यह अभियान चलाया गया। सुरक्षाबलों द्वारा मारे गए सात आतंकवादियों में से तीन अफगान नागरिक और दो आत्मघाती हमलावर थे। इससे पहले, 13-14 सितंबर को खैबर पख्तूनख्वा में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में कम से कम टीटीपी के 31 आतंकवादी मारे गए थे।

### मिजोरम में नौ करोड़ से अधिक की ड्रग्स बरामद

**आइजोल।** पूर्वी मिजोरम के चम्फाई जिले में म्यांमा सीमा के पास 9.12 करोड़ रुपये मूल्य की 'मेथामफेटामाइन' गोलियां जब्त की गई और तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जोटलांग क्षेत्र में रेत के नीचे छिपाकर रखी गई 70.20 किलोग्राम मेथामफेटामाइन' की गोलियां जब्त कीं। 'मेथामफेटामाइन' को 'आइस' या 'क्रिस्टल मेथ' भी कहा जाता है। यह एक बहुत प्रभावी मादक पदार्थ है।




---

### चुनाव आयोग ने सभी राज्यों को दिए निर्देश

# एसआईआर से जुड़े काम 30 तक निपटाएं अक्टूबर-नवंबर से शुरू हो सकती है प्रक्रिया




**चुनाव आयोग ने फिक्स की डेडलाइन**

*सूत्रों के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में हुई मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक में आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने 10 से 15 दिन में एसआईआर लागू करने के लिए तैयार रहने को कहा था। हालांकि अब स्पष्ट डेडलाइन तय करते हुए 30 सितंबर को अंतिम तारीख घोषित किया गया है। सभी राज्यों को पिछली एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूचियां तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने देशभर के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को 30 सितंबर तक विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया है। माना जा रहा है कि आयोग अक्टूबर-नवंबर से मतदाता सूची की सफाई और अपडेट करने की इस बड़ी कवायद की शुरुआत कर सकता है। आयोग का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची से विदेशी घुसपैठियों को हटाना और पारदर्शिता बढ़ाना है। गौरतलब है कि 2026 में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में एसआईआर प्रक्रिया इन चुनावों से पहले मतदाता सूची की सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिहाज से अहम मानी जा रही है।



### पुरानी मतदाता सूचियों का उपयोग

कई राज्यों ने अपनी पिछली एसआईआर के बाद की मतदाता सूची पहले ही वेबसाइट पर डाल दी है। दिल्ली के सीईओ की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची मौजूद है, जब राजधानी में आखिरी बार एसआईआर हुई थी। उत्तराखंड में 2006 की मतदाता सूची वेबसाइट पर उपलब्ध है। बिहार में 2003 की सूची को गहन पुनरीक्षण के आधार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

### बिहार के बाद पूरे देश में एसआईआर

राज्यों में अंतिम एसआईआर ही कट-ऑफ तिथि होगी, ठीक उसी तरह जैसे बिहार की 2003 की मतदाता सूची का उपयोग चुनाव आयोग द्वारा गहन पुनरीक्षण के लिए किया जा रहा है। अधिकांश राज्यों में अंतिम एसआईआर 2002 और 2004 के बीच हुई थी और पिछले गहन पुनरीक्षण के अनुसार वर्तमान मतदाताओं का मिलान लगभग पूरा हो चुका है। चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार के बाद, पूरे देश में एसआईआर किया जाएगा।

### इन राज्यों में अगले साल चुनाव

असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 में होने हैं। इस गहन पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जन्म स्थान की जांच करके विदेशी अवैध प्रवासियों को बाहर निकालना है। यह कदम बांग्लादेश और म्यांमार सहित विभिन्न राज्यों में अवैध विदेशी प्रवासियों पर कार्रवाई के मद्देनजर महत्वपूर्ण है।

### विदेशी घुसपैठियों पर निगरानी

आयोग का कहना है कि गहन पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची से विदेशी घुसपैठियों को हटाना है। इसके लिए मतदाताओं के जन्मस्थान की जांच की जाएगी। यह कदम उस समय और भी अहम हो जाता है जब कई राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमार से आए अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई की जा रही है।

---

# लालू की बेटी रोहिणी ने तेजस्वी और राजद को किया अनफॉलो



एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार की राजनीति एक बार फिर लालू प्रसाद यादव परिवार की आंतरिक खींचतान की वजह से सुर्खियों में है। ताज़ा विवाद उनकी बेटी रोहिणी आचार्य को लेकर सामने आया है। उनकी बेटी ने तेजस्वी यादव, राजद और परिवार के अन्य सदस्यों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अनफॉलो कर दिया है, जिससे राजनीतिक गलियारों में अटकलें तेज हो गई हैं कि वे इस्तीफा दे सकती हैं। रोहिणी आचार्य का यह कदम राजद और यादव परिवार में गहरी उथल-पुथल का संकेत माना जा रहा है। अब सबकी निगाहें इस पर टिकी हैं कि वह अगला कदम क्या उठाती हैं – क्या पार्टी लाइन से हटकर कोई बड़ा फैसला लेंगी या परिवार के भीतर सुलह की कोशिश होगी।

**खास बातें**

- लालू परिवार में बढ़ी आंतरिक कलह
- रोहिणी आचार्य के इस कदम से राजनीति में आया भूचाल

### विवाद की शुरुआत संजय को लेकर

सूत्रों के मुताबिक, विवाद की शुरुआत तेजस्वी यादव के करीबी संजय यादव को लेकर हुई है। इसी मुद्दे पर रोहिणी और तेजस्वी के बीच रिश्ते तल्ख़ हुए हैं। शुक्रवार रात उन्होंने पिता लालू यादव की तस्वीर साझा करते हुए लिखा – "जो जान हथेली पर रखते हैं, बेख़ौफ़ी-बेबाकी उनके लहू में बहती है।"

### बहन सहित केवल 61 को कर रहीं फॉलो

रोहिणी आचार्य ने अचानक सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर राजद और परिवार के अधिकांश सदस्यों को अनफॉलो कर दिया है। उन्होंने अपना अकाउंट भी प्राइवेट कर लिया है। अब वह सिर्फ 61 लोगों को फ़ॉलो करती हैं, जिनमें परिवार से केवल उनकी बहन और पटना से सांसद मीसा भारती शामिल हैं। तेजस्वी यादव और अन्य रिश्तेदारों को अनफॉलो करने के बाद यह चर्चा तेज हो गई है कि रोहिणी संगठन से दूरी बना सकती हैं।

---

**न्यायिक सुधारों पर कही ये बात**

# जजों को पैसों से नहीं न्याय से होनी चाहिए मोहब्बत : सीजेआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के चीफ़ जस्टिस बीआर गवई ने जजों और वकीलों को लेकर बड़ा बयान दिया। सीजेआई ने कहा कि जजों और वकीलों को एक-दूसरे से बेहतर नहीं समझना चाहिए। दोनों न्याय की सुनहरी चिड़िया के दो पंख हैं।

उन्होंने कहा कि अगर किसी जज का व्यवहार गलत होगा, तो पूरी ज्यूडिशियरी की इमेज खराब हो सकती है। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने शनिवार को केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण के 10वें अखिल भारतीय सम्मेलन के दौरान भारत में प्रशासनिक न्यायाधिकरणों के कामकाज पर टिप्पणी की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने भारतीय न्यायाधिकरणों के कामकाज पर चर्चा की और इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रशासनिक न्यायाधिकरण कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच एक विशिष्ट स्थान रखते हैं।




### जजों को पैसों से मोह नहीं होना चाहिए- सीजेआई

एक घटना का ज़िक्र करते हुए सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि कोर्ट में डांट खाने के बाद एक युवा वकील बेहोश हो गया था। ऐसी बातें जनता का भरोसा तोड़ देती हैं। सीजेआई ने कहा कि जजों को पैसे से मोह नहीं रखना चाहिए। असली मोह न्याय और आज़ादी से होना चाहिए।

**अपीलों को फ़िल्टर करने के लिए कोई सिस्टम बने :** चीफ जस्टिस ने कहा कि ट्रिब्यूनल में केस जल्दी निपट रहे हैं, लेकिन पेंडेंसी (लंबित मामले) लगातार बढ़ रही है। कैट के आदेशों को बार-बार हाई कोर्ट में चुनौती देने से देरी और बढ़ती है। ज़रूरत है कि अपीलों को फ़िल्टर करने के लिए कोई सिस्टम बने। ट्रिब्यूनल के जज और अफ़सरों को बेहतर ट्रेनिंग मिले और उनकी नियुक्ति पारदर्शी हो।

---

### श्रद्धा के साथ दी पितरों को विदाई....



**गया।** पितृ पक्ष के अन्तिम दिन आश्विन अमावस्या (पितृ विसर्जन) पर रविवार को लोगों ने पूरी श्रद्धा के साथ अपने पूर्वजों का श्राद्ध पिंडदान किया। लोगों ने अपने पितरों को विदाई देकर उनसे घर परिवार में सुख शांति का आशीर्वाद मांगा। अमावस्या पर गया की फाल्गु नदी सहित गंगा नदी व देश की अन्य सभी छोटी-बड़ी नदियों के घाटों पर पिंडदान किया गया।

### इजराइल के हमले में गाजा में 34 लोग मारे गए

**काहिरा।** गाजा सिटी पर रात भर हुए हमलों में बच्चों सहित कम से कम 34 लोग मारे गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि इजराइल द्वारा यह हमला कई देशों की ओर से फलस्तीनी राष्ट्र को मान्यता देने की तैयारी के बीच किया गया है। शिफा अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में अस्पताल में कार्यरत एक पुरुष नर्स, उसकी पत्नी और तीन बच्चे भी शामिल हैं। हमले जारी रहने के बीच, इजराइल ने गाजा सिटी में शरण लिये हुए हजारों फलस्तीनियों को दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया है, जिसे वह मानवीय क्षेत्र कहता है। उसने इस सप्ताह दो दिनों के लिए शहर के दक्षिण में एक और गलियारा खोला है, ताकि अधिक लोग वहां से निकल सकें। फलस्तीनी लोग कार और पैदल गाजा सिटी से बाहर निकल रहे हैं।

---

## भारत में पकड़ाए आतंकी संगठन के सदस्यों ने किया खुलासा

# आईएसआईएस के आतंकियों के निशाने पर थे संघ व भाजपा के बड़े नेता

एजेंसी ▶▶| रांची

झारखंड के रांची में आतंकी संगठन आईएसआईएस के ठिकाने के बारे में पता चला है और इसका वीडियो भी सामने आया है। आतंकवाद का ये ठिकाना आईएसआईएस के गिरफ्तार आतंकी दानिश का है। इन आतंकियों के निशाने पर आरएसएस व भाजपा के बड़े नेता थे। इनका उद्देश्य बड़े नेताओं को टारगेट कर अव्यवस्थाएं फैलाना था। बता दें कि हालही में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने झारखंड, तेलंगाना, बेंगलुरु, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में छापेमारी कर 5 आतंकियों को गिरफ्तार किया था। आतंकी दानिश के ठिकाने को विस्फोटक बनाने का हेडक्वार्टर बनाया गया था। यहां से आतंकियों की ऑनलाइन भर्ती भी की जा रही थी।



### ठिकाने से बरामद हुई विस्फोटक सामग्री

आतंकी दानिश के ठिकाने पर विस्फोटक बनाने का समान बरामद किया गया है। विस्फोटक बनाने के लिए पोटेशियम नाईट्रेट का इस्तेमाल किया जा रहा था। दानिश हर तरह के बम और विस्फोटक बनाने में माहिर था और वो अपने ठिकाने पर विस्फोटक तैयार करके रांची की सोनरेखा नदी में इसका ट्रायल करता था और फिर इन विस्फोटक को नष्ट कर देता था।

### पीजी बनकर रह रहा था आतंकी दानिश

आतंकी दानिश, रांची के तबारक लॉज से आईएसआईएस के इस ठिकाने को ऑपरेट कर रहा था। दानिश इस घर में बतौर पीजी रह रहा था। दानिश यहां 2024 में रहने आया था और यहां से वो एसएससी की तैयारी कर रहा था।

### ऑनलाइन दी जा रही थी आतंक की ट्रेनिंग

भारत में तबाही फैलाने के लिए पाकिस्तान से ऑनलाइन क्लासेस ऑपरेट की जा रही थीं। रांची में मिला आतंकियों का ये ठिकाना आईएसआईएस का रिक्रूटमेंट कैम्प बन चुका था। सिगनल ऐप पर इन आतंकियों ने एक ग्रुप भी बनाया था। इस ग्रुप का नाम इंटर्नस इंटरव्यू बिजनेस आईडिया था। इस ग्रुप के जरिए ये लोग आतंकवाद के लिए फंड जमा करने लगे थे।

### इन आतंकियों को किया गिरफ्तार

इस मॉड्यूल में अशहर दानिश, आफ़ताब कुरैशी, सुफ़ियान अबूबकर खान, मोहम्मद हुज़ैफ़ यामन, और कामरान कमरान कुरैशी पकड़े गए थे। इनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और केमिकल बम बनाने का सामान भी बरामद किया गया था। आतंकी टारगेट किलिंग और धार्मिक स्थल पर हमला करने की फिराक में थे।

### आतंकियों के निशाने पर थे कई वीवीआईपी

आईएसआईएस के गिरफ्तार आतंकियों से पूछताछ में ये खुलासा हुआ है कि आतंकियों के निशाने पर भाजपा और आरएसएस के बड़े नेता था। इसके अलावा आतंकियों के निशाने पर कई वीवीआईपी भी थे। ये ठिकाना आतंकी दानिश का था, जिसका इस्तेमाल आईएसआईएस द्वारा अपने नापाक मंसूबों को पूरा करने के लिए किया जा रहा था।


---

**एक्स अकाउंट हुआ हैक**

# एकनाथ शिंदे के एक्स अकाउंट से पाक और तुर्की के झंडे पोस्ट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का आधिकारिक एक्स अकाउंट रविवार 21 सितंबर को हैक हो गया, जिससे ऑनलाइन सुरक्षा को लेकर थोड़ी चिंता पैदा हो गई। हैकर्स ने उनकी प्रोफाइल तक पहुंच हासिल कर ली और पाकिस्तान और तुर्की के राष्ट्रीय झंडों वाले पोस्ट शेयर कर दी। हालांकि, इन पोस्ट को कुछ समय बाद अकाउंट से डिलीट भी कर दिया गया। इस संदिग्ध गतिविधि ने उनके फॉलोअर्स और राजनीतिक हलकों में चिंता पैदा कर दी है।



**साइबर घुसपैठ की तत्काल हुई पहचान :** हैकरों ने दोनों इस्लामी देशों के झंडों वाली तस्वीरें भी उस दिन लाइव स्ट्रीम कीं, जिस दिन भारत और पाकिस्तान एशिया कप में अपना दूसरा मैच खेलने वाले हैं। शिंदे के कार्यालय के अधिकारी ने कहा, हमने तुरंत साइबर अपराध पुलिस को सूचित किया। उपमुख्यमंत्री के एक्स हैंडल की प्रभारी हमारी टीम ने बाद में अकाउंट को पुनः प्राप्त कर लिया। हालांकि, इस दौरान करीब 30 से 45 मिनट का समय लग गया। अकाउंट हैक होना चिंता की बात है।




# शराब और कोल घोटाला को लेकर ईओडब्लू की तीन राज्यों के दस ठिकानों पर दबिश

**छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड में छापे की कार्रवाई, निरंजन दास से मिले इनपुट के आधार पर छापे की कार्रवाई**

**जांजगीर-चांपा जिले में एक कोल कारोबारी के ठिकानों पर भी छापे की कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शराब तथा कोल घोटाले को लेकर ईओडब्लू की टीम रविवार को रायपुर, जांजगीर-चांपा के साथ बिहार तथा झारखंड के 10 ठिकानों पर छापे की कार्रवाई करने पहुंची। ईओडब्लू ने छापे की कार्रवाई में महत्वपूर्ण डिजिटल के साथ दस्तावेजी साक्ष्य जब्त करने का दावा किया है। शराब घोटाला में ईओडब्लू की टीम ने छत्तीसगढ़ में तीन, बिहार तथा झारखंड में चार ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की है।

ईओडब्लू की टीम रायपुर, शिव विहार कालोनी स्थित शराब कारोबारी के निवास तथा ऑफिस में छापे की कार्रवाई करने पहुंची। शराब घोटाला में अवधेश की भूमिका के बारे में जांच एजेंसी ने अब तक किसी तरह से कोई जानकारी नहीं दी है। बताया जा रहा है, पिछले दिनों तत्कालीन आबकारी आयुक्त निरंजन दास से पूछताछ के आधार पर ईओडब्लू ने अवधेश को गिरफ्तार किया है। निरंजन दास की सलाह पर झारखंड में शराब पॉलिसी में बदलाव किया गया था। इस वजह से झारखंड तथा बिहार में ईओडब्लू के अफसर छापे की कार्रवाई करने पहुंचे थे। छापे की कार्रवाई में ईओडब्लू ने घोटाले से जुड़े दस्तावेजों के साथ संपत्ति के कागजात और कैश जब्त किया है।




### सौम्या के करीबी के ठिकानों पर छापा


कोल घोटाला को लेकर ईओडब्लू की टीम निलंबित राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर सौम्या चौरसिया के करीबी कोल कारोबारी जयचंद कोशले के अकलतरा स्थित निवास तथा उसके दो अन्य ठिकानों पर छापे की कार्रवाई करने पहुंची। ईओडब्लू के दावों के मुताबिक जयचंद सौम्या चौरसिया का प्रमुख सहयोगी रहा है।

### 50 करोड़ रुपए ठिकाने लगाने का आरोप

आरोप है कि जयचंद ने कोल घोटाले की 50 करोड़ रुपए की रकम को ठिकाने लगाने का काम किया है। इस वजह से ईओडब्लू की टीम जयचंद के यहां छापे की कार्रवाई करने पहुंची। जयचंद के निवास से ईओडब्लू ने प्रकरण से सबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रानिक उपकरण, संपत्ति संबंधी दस्तावेज जप्त किये हैं। जप्त सामग्री का विश्लेषण किया जा रहा है। जयचंद के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई करने ईओडब्लू की 12 सदस्यी टीम एक दिन पूर्व जांजगीर पहुंच गई थी।

## बस्तर दशहरा में शामिल होने 4 को आएंगे केंद्रीय मंत्री शाह

**रायपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 अक्टूबर को राज्य के दौरे पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे और बस्तर के प्रसिद्ध दशहरा उत्सव में हिस्सा लेंगे। वे विशेष रूप से मुरिया दरबार में शिरकत करेंगे, जो इस 75 दिनों तक चलने वाले ऐतिहासिक आयोजन का केंद्रीय हिस्सा है। बस्तर दशहरा, जो जगदलपुर में आयोजित होता है। आदिवासी परंपराओं और रीति-रिवाजों से जुड़ा 600 वर्ष पुराना उत्सव है। यह नक्सलवाद से मुक्त बस्तर की शांति और सांस्कृतिक पुनरुत्थान का प्रतीक बन चुका है।



शर्मा ने कहा, गृहमंत्री का यह दौरा बस्तर के लिए ऐतिहासिक होगा। बस्तर अब नक्सलवाद की गिरफ्त से मुक्त होकर शांति और खुशी से अपने त्योहार मना रहा है। बस्तर सांसद महेश कश्यप ने 19 सितंबर को दिल्ली में शाह से मुलाकात कर यह निमंत्रण दिया था, जिसमें मां दंतेश्वरी की पवित्र छवि भी भेंट की गई। शाह ने अपने एक्स हैंडल पर इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि वे मुरिया दरबार में भाग लेंगे।

# आज से डोंगरगढ़ में ठहरेगी 10 एक्सप्रेस ट्रेन ऑर्डर पर मिलेगी नवरात्रि स्पेशल व्रत थाली

**नवरात्रि में नौ दिनों तक ट्रेन में यात्रियों को मिलेगा शुद्ध व सात्विक फलाहारी भोजन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवरात्रि के दौरान मां बमलेश्वरी के भक्तों की सुविधा के लिए रेलवे ने 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 10 एक्सप्रेस ट्रेनों को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में 9 दिनों के लिए ठहराव देने का निर्णय लिया है।

इसके साथ ही नवरात्रि में दुर्ग से डोंगरगढ़ तक एक स्पेशल मेमू ट्रेन भी चलाई जाएगी और 2 मेमू ट्रेनों को गोंदिया तक विस्तार दिया गया है। बिलासपुर- भगत की कोठी-बिलासपुर, बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर, बिलासपुर-चेत्रई-बिलासपुर, बिलासपुर पुणे बिलासपुर और रायपुर - सिकंदराबाद रायपुर एक्सप्रेस का स्टॉपेज 2-2 मिनट के लिए दिया गया है। गोंदिया-दुर्ग मेमू चलेगी रायपुर तक गोंदिया-दुर्ग मेमू को 9 दिन के लिए रायपुर तक बढ़ाया गया है। यह ट्रेन गोंदिया से दुर्ग तक पहुंचने के बाद भिलाई नगर, भिलाई पावर हाउस, भिलाई, देवबलौदा चरौदा, डी-केबिन, कुम्हारी, सरोना होते हुए रायपुर पहुंचेगी। वापसी में भी यही मार्ग तय करते हुए गोंदिया लौटेगी।

### आईआरसीटीसी की वेबसाइट से होगी खाने की बुकिंग

ट्रेनों और स्टेशन में यात्रियों को इस बार फलाहारी के साथ थाली की भी सुविधा नौ दिनों तक मिलेगी, जिसकी कीमत 60 रुपए से 200 तक तय किया गया है। खाना ऑर्डर करने यात्री अपनी यात्रा से कम से कम दो घंटे पहले आईआरसीटीसी की ई-कैटरिंग वेबसाइट या फूड-ऑन-ट्रैक एप के माध्यम से व्रत की थाली के लिए आर्डर कर सकते हैं। यात्रियों को ताजा और सात्विक भोजन ट्रेन में मिल जाएगा। आईआरसीटीसी ने स्टेशन में फलाहारी भोजन तैयार करने विशेष ध्यान रखने को कहा है, ताकि उपवास रखने वाले यात्रियों को दिक्कत न हो।

### फलाहारी में नए व्यंजनों हुए शामिल

उपवास रखने वाले यात्रियों के लिए आईआरसीटीसी ने इस बार फलाहारी व्यंजनों की संख्या बढ़ा दी है। फल और आलू की सब्जी के अलावा इस बार यात्री कुट्टू के आटा से बने व्यंजन, साबूदाना की खिचड़ी, सूखे मखाने, साबूदाना मूंगफली नमकीन, आलू की टिक्की, जीरा आलू, फ्रेंच फ्राइज, साबूदाना वड़ा, फलाहारी चूड़ा, फलाहारी थाली, मलाई बर्फी, रसमलाई, मिल्क केक, सादी बर्फी, लस्सी, दही। अधिकारियों का कहना है कि व्रत का भोजन बनाने में शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### पहले से बनाकर नहीं रखा जाएगा

स्टेशनों में फलाहारी व्यंजन तैयार करने का कहा गया है, लेकिन ऑर्डर देने के बाद बनाकर यात्रियों को दिया जाएगा। पहले से बनाकर नहीं रखा जाएगा। ट्रेन में ऑर्डर करने पर एक से दो घंटे के बाद खाना मिलेगा। गर्म व ताजा नहीं होने से सीधी आईआरसीटीसी में शिकायत कर सकते हैं। स्टेशन में फलाहारी खाली 30 मिनट में मिल जाएगा। नवरात्रि में व्रत रखने वाले यात्रियों को यात्रा के दौरान शुद्ध व सात्विक भोजन मिलने में परेशानी होती है, जो इस बार नहीं होगी।



# एच-1बी की मार और जीएसटी में राहत, बाजार की दिशा तय करेंगे ये फैक्टर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के एच-1बी वीजा के शुल्क को बढ़ाकर 1 लाख डॉलर करने, व्यापार वार्ता और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा, निवेशक वैश्विक बाजारों के रुझान पर भी नजर रखेंगे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, 'इस सप्ताह, बाजार शुक्रवार देर रात घोषित एच-1बी वीजा पर 100,000 डॉलर का वार्षिक शुल्क लगाने के अमेरिकी फैसले पर प्रतिक्रिया देंगे। जबकि निर्यात पर निर्भर क्षेत्र पहले से ही शुल्क से संबंधित दबाव का सामना कर रहे हैं। व्यापार वार्ता चल रही है। ऐसे में इस संवेदनशील समय में यह कदम आईटी सेवा निर्यातकों पर और दबाव डाल सकता है। ब्याज दर में कटौती के बाद अमेरिकी बाजार के प्रदर्शन पर बारीकी से नजर रखेंगे।

## वैश्विक बाजारों के रुझान पर निवेशकों की रहेगी नजर

### आउटसोर्सिंग बाजार में मुश्किलें बढ़ी

*भारत के 285 अरब डॉलर के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र के लिए अपने सबसे बड़े आउटसोर्सिंग बाजार में मुश्किलें बढ़ गई हैं, क्योंकि अमेरिका ने एच-1बी वीजा आवेदन शुल्क को 100,000 डॉलर (लगभग 88 लाख रुपए) तक बढ़ाने का फैसला किया है। आईटी कंपनियों के शीर्ष निकाय नासकॉम ने चेतावनी दी है कि इससे 'ऑनशोर' परियोजना के लिए कारोबार की निरंतरता बाधित होगी। ऑनशोर परियोजना में संबंधित कंपनी के मुख्य परिचालन वाले क्षेत्र में रहकर सेवाएं देनी होती हैं। उल्लेखनीय है कि एच-1बी वीजा धारकों में 70 प्रतिशत से अधिक भारतीय प्रौद्योगिकी पेशेवर हैं।*




### आईटी निर्यातकों की आय पर असर

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, 'यह कदम (एच-1बी वीजा आवेदन शुल्क को 100,000 डॉलर तक बढ़ाने का अमेरिकी फैसला) अमेरिकी ग्राहकों की लागत में भारी वृद्धि कर सकता है और भारतीय प्रौद्योगिकी प्रतिभा की मांग कम कर सकता है, जिससे टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और विप्रो जैसे बड़े आईटी निर्यातकों की आय पर सीधा असर पड़ेगा।'

### व्यापार वार्ता के लिए उद्योग मंत्री जाएंगे अमेरिका

शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 22 सितंबर को आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ व्यापार वार्ता के लिए अमेरिका जाएंगे। इसमें कहा गया है कि प्रतिनिधिमंडल आपसी लाभकारी व्यापार समझौते पर जल्द से जल्द सहमति बनाने के लिए अमेरिकी टीम के साथ चर्चा को आगे बढ़ाने के लिए बातचीत करेगा। 16 सितंबर को भारत आए अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अधिकारियों की टीम की पिछली यात्रा के दौरान, व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई और इस संबंध में प्रयासों को और तेज करने का फैसला किया गया।

## खबर संक्षेप

### आभूषण प्रदर्शनी में 25-30 टन की रिकॉर्ड बिक्री



**मुंबई।** अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) ने कहा कि चार दिन की भारत रत्न एवं आभूषण प्रदर्शनी (जीजेएस-2025) - दिवाली संस्करण - में लगभग 25-30 टन की रिकॉर्ड बिक्री हुई। 'जीजेएस का यह संस्करण वास्तव में हमारे उद्योग के लिए एक ऐतिहासिक अवसर रहा है।

### एफपीआई ने शेयरों से निकाले 7,945 करोड़




**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनाव के कारण एफपीआई ने सितंबर में अब तक भारतीय शेयर बाजार से 7,945 करोड़ रुपए निकाले हैं। अगस्त में 34,990 करोड़ रुपए और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपए की भारी निकासी के बाद, अब तक कुल 1.38 लाख करोड़ रुपए की निकासी की है।

### त्योहारों में अच्छी बिक्री की उम्मीद: हीरो मोटोकॉर्प





**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प को उम्मीद है कि मौजूदा त्योहारों का मौसम बिक्री के मामले में 'सबसे अच्छा' रहेगा, जिससे वह इस साल भी घरेलू दोपहिया खंड में अपनी शीर्ष स्थिति को कायम रख पाएगी। देश की सबसे बड़ी दोपहिया कंपनी ने हाल ही में 12.5 करोड़ इकाई के उत्पादन का आंकड़ा पार किया है।

### दिवाली के बाद शुरू होगा नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट




**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर के जेवर में एक नये विमानन केंद्र के रूप में विकसित हो रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनआईए) का परिचालन इस साल के अंत तक शुरू हो सकता है। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने बताया कि हवाई अड्डे का उद्घाटन 30 अक्टूबर को होगा और अगले 45 दिन के भीतर 10 मार्गों पर उड़ानें शुरू हो जाएंगी।

### 25 से प्रगति मैदान में इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो




**नई दिल्ली।** अमेरिका, यूरोपीय संघ, वियतनाम, संयुक्त अरब अमीरात, जर्मनी, बेल्जियम, जापान और चीन जैसे प्रमुख बाजारों सहित 15 से अधिक देशों के प्रतिभागी 25 सितंबर गुरुवार से शुरू होने वाली समुद्री खाद्य प्रदर्शनी 'इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो' में भाग लेंगे।

## मारुति ने अपनी कारों की कीमतों में की 1.29 लाख रुपए तक कटौती

# जीएसटी कटौती: नवरात्रि के पहले दिन से सस्ती होगी कारें, दोपहिया के घटेंगे दाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


देश की प्रमुख वाहन कंपनियों...मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स और हुंदै मोटर इंडिया सोमवार से अपनी कारों की कीमतें कम करने जा रही हैं। आज से नवरात्रि का शुभ त्योहार शुरू हो रहा है। इससे ग्राहकों को काफी फायदा होगा। लक्जरी कार विनिर्माता मर्सिडीज-बेंज और बीएमडब्ल्यू के साथ-साथ दोपहिया वाहन कंपनियां भी 22 सितंबर से लागू नए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के साथ कीमतें कम करने जा रही हैं। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने जीएसटी दर में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए अपनी कारों की कीमतों में 1.29 लाख रुपए तक की कटौती की है।

कंपनी ने दोपहिया वाहन चलाने वाले ग्राहकों को चार पहिया वाहनों खरीदने में सुगमता के लिए अपनी छोटी कारों की कीमतों में 8.5 प्रतिशत से अधिक की कटौती करने का भी फैसला किया है। प्रवेश-स्तर के मॉडल एस प्रेसो की कीमत में 1,29,600 रुपए तक की कमी होगी, ऑल्टो के 10 की कीमत में 1,07,600 रुपए तक की कमी होगी। सेलेरियो की कीमत में 94,100 रुपए की कमी होगी। वैगन-आर की कीमत में 79,600 रुपए तक की कमी होगी और इग्निस की कीमत में 71,300 रुपए तक की कमी होगी।



### साउंड बार-पार्टी स्पीकर की बढ़ेगी बिक्री

टीवी उद्योग, जिसने इस वित्त वर्ष के पहले छह महीनों (अप्रैल से सितंबर) में लगभग स्थिर बिक्री दर्ज की है। उद्योग इस सप्ताह नवरात्रि से शुरू होने वाले त्योहारों के दौरान बिक्री में बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहा है। इसके अलावा विनिर्माताओं को उम्मीद है कि कम कीमतों से बचत होने पर उपभोक्ता अतिरिक्त सुविधाओं वाले बड़े स्क्रीन साइज वाले टीवी खरीदेंगे। सोनी, एलजी और पैनासोनिक जैसे प्रमुख टीवी कंपनियां 22 सितंबर, 2025 से कम अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) वाली नई मूल्य सूची लेकर आई हैं। इसके अलावा, विनिर्माताओं को उम्मीद है कि इससे साउंड बार और पार्टी स्पीकर जैसे बंडल वाले उत्पादों की बिक्री बढ़ेगी।



### स्विफ्ट की कीमत में 84,600 रुपए तक की कमी




प्रीमियम हैचबैक स्विफ्ट की कीमत में 84,600 रुपए तक की कमी, बलेनो की कीमत में 86,100 रुपए तक की कमी, टूर एस की कीमत में 67,200 रुपए तक की कमी, डिजायर की कीमत में 87,700 रुपए तक की कमी, फ्रोंक्स की कीमत में 1,12,600 रुपए तक की कमी, ब्रेजा की कीमत में 1,12,700 रुपए तक की कमी, ग्रैंड विटारा की कीमत में 1.07 लाख रुपए तक की कमी होगी। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा, 'भारतीय बाजार में वाहन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए इससे बेहतर समय और कोई नहीं हो सकता। भारत में प्रति 1,000 लोगों में सिर्फ 34 प्रतिशत के पास कार है, जो बहुत कम है। इसलिए बाजार का अगुवा होने के नाते, हम भारत में मोटर वाहन के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए यह पहल कर रहे हैं।'

### टीवी होगी ढाई से 85 हजार रुपए तक सस्ती

*माल एवं सेवा कर कटौती के बाद टेलीविजन निर्माता कीमतों में 2,500 रुपए से 85 हजार रुपये तक की कमी करने जा रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं को जीएसटी में कटौती का पूरा लाभ मिल सकेगा। टीवी विनिर्माताओं को सोमवार से शुरू होने वाले त्योहारी सीजन में अच्छी बिक्री की उम्मीद है। जिससे टेलीविजन और एसी, वॉशिंग मशीन जैसे कई उत्पादों की कीमतें कम हो गई हैं। 32 इंच से अधिक स्क्रीन साइज वाले टीवी सेट पर शुल्क मौजूदा के 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। टीवी विनिर्माताओं ने स्क्रीन साइज और खूबियों के आधार पर कीमतों में 2,500 रुपए से 85 हजार रुपए के बीच कटौती की घोषणा की है, जीएसटी में 10 प्रतिशत की कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जा सके।*

### 98 इंच स्क्रीन साइज वाले ब्राविया टीवी होंगे सस्ते



*सोनी इंडिया अपने 43 इंच से 98 इंच स्क्रीन साइज वाले ब्राविया टीवी मॉडल पर 5,000 रुपए से 71,000 रुपए के बीच एमआरपी में कटौती कर रही है। इसने 43 इंच वाले ब्राविया 2 की कीमत 59,900 रुपए से घटाकर 54,900 रुपए और 55 इंच वाले ब्राविया 7 की कीमत 2.30 लाख रुपए से घटाकर 2.50 लाख रुपये कर दी है। इसी तरह, 98 इंच स्क्रीन साइज वाला इसका टॉप-एंड ब्राविया 5 मॉडल सोमवार से नौ लाख रुपए के मौजूदा मूल्य की तुलना में 8.29 लाख रुपए में मिलेगा। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने 43 इंच से 100 इंच स्क्रीन साइज वाले अपने टीवी सेट की कीमतों में 2,500 रुपए से 85,800 रुपए तक की कटौती की घोषणा की है। इसने 43 इंच स्क्रीन साइज वाले मॉडल की कीमत 30,990 रुपए से घटाकर 28,490 रुपए कर दी है। कंपनी ने 55 इंच और 65 इंच स्क्रीन साइज वाले दो लोकप्रिय मॉडल की कीमत 3,400 रुपए कम कर दी है, जो अब क्रमशः 42,990 रुपये और 68,490 रुपए में मिलेंगे।*



### 2029-30 तक 88 अरब रुपए का होगा ऑनलाइन बाजार

**नई दिल्ली।** भारत का ऑनलाइन घरेलू सेवा बाजार 18-22 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़कर वित्त वर्ष 2029-30 तक 85-88 अरब रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि इस बाजार को सुविधा, विश्वसनीयता और गति की बढ़ती शहरी मांग से समर्थन मिल रहा है। परामर्श फर्म रेडसीर ने कहा कि 'क्विक कॉमर्स' को व्यापक रूप से अपनाने के बाद, 'तत्काल घरेलू सेवा' भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में अगले क्षेत्र के रूप में उभर रही है। समय की कमी से जूझ रहे शहरी उपभोक्ताओं के बीच यह तेजी से लोकप्रिय हो रही है। भारत का समग्र घरेलू सेवा बाजार वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 5,100-5,210 अरब रुपए था। अभी भी इस क्षेत्र में असंगठित क्षेत्र का प्रभुत्व है। रिपोर्ट में कहा गया, 'तत्काल घरेलू सेवा एक मांग आधारित घरेलू सहायता प्रणाली की तरह काम करती है, जो असंगठित घरेलू सहायकों और सेवा मंचों के बीच की खाई को पाटती है।'

## विदेशों में यूरेनियम संपत्तियों का अधिग्रहण करेगी एनटीपीसी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




- एनटीपीसी को जल्द ही परमाणु ऊर्जा कारोबार में उतरने की उम्मीद

घरेलू बिजली कंपनी एनटीपीसी अपनी भविष्य की परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विदेशों में यूरेनियम संपत्तियों का अधिग्रहण करने की योजना बना रही है। एनटीपीसी इस समय स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में विविधता लाने की दिशा में काम कर रही है। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, 1975 में ताप बिजली संयंत्र के रूप में स्थापित एनटीपीसी लिमिटेड (पूर्व में नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड) ने अपनी क्षमता में वृद्धि की है और साथ ही वह ऊर्जा उत्पादन के नए तरीकों में भी विविधता लेकर आई है। एनटीपीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक की समूह के स्तर पर कोयला, गैस/तरल ईंधन, जल और सौर जैसे ईंधन स्रोतों के आधार पर 83,026 मेगावाट की स्थापित क्षमता है। अपनी जीवाश्म ईंधन पर आधारित बिजली उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए कंपनी भारत में विभिन्न स्थानों पर संयुक्त उद्यम और अकेले दोनों तरीकों से परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है।

### एमओयू के मसौदे को पहले ही मंजूरी

अधिकारी ने कहा, 'ईंधन के लिए, हम विदेशों में यूरेनियम संपत्तियों के अधिग्रहण की संभावना तलाश रहे हैं। इस दिशा में विदेशों में यूरेनियम संपत्तियों की संयुक्त तकनीकी-वाणिज्यिक जांच-परख के लिए हमारे बोर्ड ने यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के मसौदे को पहले ही मंजूरी दे दी है।' यूरेनियम, एक प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला धात्विक तत्व है, जिसका उपयोग परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए ईंधन के रूप में किया जाता है। एनटीपीसी के जल्द ही परमाणु ऊर्जा कारोबार में उतरने की उम्मीद है।

## भारत और ओमान सीईपीए पर करेंगे हस्ताक्षर



**नई दिल्ली।** भारत और ओमान जल्द ही व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर करने वाले हैं। भारत में ओमान के राजदूत इसा सालेह अब्दुल्ला अलशिबानी ने कहा कि दोनों देश अपने व्यापार में विविधता लाने और अधिक वस्तुओं तथा सेवाओं के आदान-प्रदान के लिए यह समझौता कर रहे हैं।

अलशिबानी ने कहा कि बातचीत पूरी हो चुकी है और अभी कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रियाएं चल रही हैं। समझौते पर हस्ताक्षर की संभावित समयसीमा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'उम्मीद है हम जल्द ही समझौते पर हस्ताक्षर करने के चरण पर पहुंच जाएंगे।' सीईपीए कहे जाने वाले इस समझौते पर औपचारिक रूप से बातचीत नवंबर 2023 में शुरू हुई थी।

## निचले ग्रेड के लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क से होगा नुकसान : उद्योग संगठन

- लौह अयस्क पर 30 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाने की योजना बना रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



उद्योग संगठन यूसीसीआईएल ने चेताया है कि निम्न ग्रेड वाले लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क लगाने से उत्पादन, घरेलू कीमतें कम हो जाएंगी, क्षमता में दीर्घकालिक नुकसान होगा और भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा कम हो जाएगी। सरकार इस साल अक्टूबर से निचले ग्रेड वाले लौह अयस्क पर 30 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाने की योजना बना रही है। उत्कल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री लिमिटेड (यूसीसीआईएल) ने एक बयान में कहा, 'निर्यात शुल्क से इस क्षेत्र में अस्थिरता पैदा होगी, उत्पादन में गिरावट, घरेलू कीमतों में भारी गिरावट, भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा क्षमता में कमी और दीर्घकालिक क्षमता का नुकसान होगा। इसका असर रोजगार, क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था और औद्योगिक उत्पादन पर भी होगा।' यूसीसीआईएल ने ओडिशा सरकार से आग्रह किया कि वह राज्य के लौह अयस्क खनन उद्योग की रक्षा करे, क्योंकि केंद्र सरकार निचले ग्रेड वाले लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क लगाने को लेकर चर्चा कर रही है। संगठन ने कहा कि ऐसा कदम निश्चित रूप से इस क्षेत्र को नुकसान पहुंचाएगा, इससे खनन वाले राज्यों के खजाने को 16,200 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान होगा और राज्यों में खनन पर निर्भर लाखों लोगों की आजीविका खतरे में पड़ जाएगी।

## घरों की बिक्री घटने का अनुमान ...




**नई दिल्ली।** मुंबई और पुणे में कमजोर मांग के कारण देश के नौ प्रमुख शहरों में जुलाई-सितंबर तिमाही में एक घरों की बिक्री चार प्रतिशत घटकर एक लाख इकाई पर आ सकती है। रियल एस्टेट आंकड़ा विश्लेषक कंपनी प्रॉपइक्विटी ने जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए आवास बाजार का अनुमान जारी किया है। मानसून और श्राद्ध के कारण यह तिमाही आमतौर पर कमजोर मानी जाती है। आंकड़ों के अनुसार, जुलाई-सितंबर, 2025 के दौरान नौ शहरों में घरों की बिक्री चार प्रतिशत घटकर 1,00,370 इकाई रह सकती है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा 1,05,081 इकाई था। मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे और पुणे में आवासीय संपत्तियों की बिक्री में गिरावट की संभावना है, जबकि दिल्ली-एनसीआर, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद और कोलकाता में मांग अधिक रहने की उम्मीद है। प्रॉपइक्विटी के सीईओ समीर जसूजा ने कहा, 'हमारा मानना है कि नई पेशकश लगातार कम होने के बावजूद आवास बाजार मजबूत बना हुआ है, क्योंकि बिक्री नई पेशकश से अधिक बनी हुई है।'

## सात मूल्यवान कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.18 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच पिछले सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,18,328.29 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। सबसे ज्यादा लाभ भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारती एयरटेल को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 721.53 अंक या 0.88 प्रतिशत के लाभ में रहा।



- सबसे ज्यादा लाभ एसबीआई और भारती एयरटेल को

### रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी

समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, एसबीआई, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई। सप्ताह के दौरान एसबीआई का बाजार मूल्यांकन 35,953.25 करोड़ रुपए बढ़कर 7,95,910 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 33,214.77 करोड़ रुपए बढ़कर 11,18,952.64 करोड़ रुपए रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 17,389.23 करोड़ रुपए बढ़कर 19,04,898.51 करोड़ रुपए पर और टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 12,952.75 करोड़ रुपए बढ़कर 11,46,879.47 करोड़ रुपए रहा। एलआईसी की बाजार हैसियत 12,460.25 करोड़ रुपए बढ़कर 5,65,612.92 करोड़ रुपए पर पहुंच गई।

### आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण घटा

इस रुख के उलट आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 10,707.87 करोड़ रुपए घटकर 10,01,654.46 करोड़ रुपए पर आ गया। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 6,346.93 करोड़ रुपए के नुकसान के साथ 6,17,892.72 करोड़ रुपए रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 5,039.87 करोड़ रुपए घटकर 6,01,225.16 करोड़ रुपए रह गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

## इस साल सोना 43.2 प्रतिशत और शेयर बाजार 5.74 प्रतिशत ही चढ़े

# चांदी ने इस साल दिया 49% रिटर्न, गोल्ड -शेयर बाजार को छोड़ा पीछे


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- निवेश के लिहाज से अच्छी स्थिति में सिल्वर

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी और सौर तथा इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्रों में मजबूत औद्योगिक मांग से चांदी ने इस साल अब तक 49 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दिया है और इस मामले में सोने और शेयर बाजार को भी पीछे छोड़ दिया है। विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी है। उनका यह भी कहना है कि वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता और जोखिम के बीच स्वच्छ ऊर्जा/सौर/ईवी क्षेत्र में मांग मजबूत बनी हुई है। ऐसे में कुछ सावधानियों के साथ जोखिम क्षमता के आधार पर चांदी अब भी निवेश के लिहाज से अच्छी स्थिति में है। उल्लेखनीय है कि एमसीएक्स (मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज) में चांदी बीते वर्ष 87,233 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जो 19 सितंबर, 2025 तक 49.14 प्रतिशत उछलकर 1,30,099 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई।

### चांदी की कीमतों में तेजी

मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, 'इस साल चांदी की कीमतों में तेज वृद्धि हुई, जिसका कारण अमेरिकी डॉलर में कमजोर रुख और फेडरल रिजर्व (अमेरिकी केंद्रीय बैंक) द्वारा ब्याज दर में कटौती को लेकर बढ़ती उम्मीदें थीं। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर बढ़ती भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी और सौर एवं इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्रों की मजबूत औद्योगिक मांग ने इस धातु को और मजबूत किया।'' उन्होंने कहा, 'इसके साथ कम आपूर्ति की स्थिति और सोने की रिकॉर्ड तेजी से भी चांदी को समर्थन मिला। वैश्विक संकेतों के अलावा, डॉलर के मुकाबले कमजोर रुपया घरेलू बाजार में चांदी को और बढ़ावा दे रहा है।' रिटर्न के लिहाज से चांदी ने सोने और शेयर बाजार को भी पीछे छोड़ दिया है। चांदी ने सालाना आधार पर जहां इस साल अब तक 49.14 प्रतिशत का रिटर्न दिया है, वहीं सोना 43.2 प्रतिशत और शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी क्रमशः 5.74 प्रतिशत और 7.1 प्रतिशत चढ़े हैं।



### लाभ उठाने की विशिष्ट स्थिति में चांदी

चीन में नीतियों में ढील, फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती, शुल्क अनिश्चितता और वैश्विक आपूर्ति में कमी सहित सहायक वृहद आर्थिक रुझानों के साथ, चांदी सुरक्षित निवेश और आर्थिक सुधार दोनों ही विषयों से लाभ उठाने की विशिष्ट स्थिति में है।' सिल्वर इंस्टिट्यूट के अनुसार, 2025 चांदी की आपूर्ति में कमी का लगातार पांचवां साल होगा। इसका अर्थ है कि मांग, आपूर्ति से आगे निकल रही है, और इस मांग का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा औद्योगिक उपयोग से आ रहा है।

### बहुमूल्य और मूल धातु दोनों के गुण

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के वरिष्ठ प्रबंधक और विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा शोध) मानव मोदी ने कहा, 'चांदी एक ऐसा जिंस है, जिसमें बहुमूल्य और मूल धातु दोनों के गुण हैं। सफेद धातु में 2025 में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और यह 1,30,000 रुपए प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक घरेलू उच्चस्तर पर पहुंची और 2012 के बाद कॉमेक्स में उच्चतम स्तर 40 डॉलर प्रति औंस पर पहुंची।' मजबूत औद्योगिक मांग, मजबूत ईटीपी (एक्सचेंज ट्रेडेड प्रोडक्ट) प्रवाह, सुरक्षित निवेश की मांग और औद्योगिक धातुओं में तेजी के कारण इसमें मजबूती आई।'

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### आजादी के समय...

जश्न और आजादी की स्मृति के तौर पर एक पीपल का पेड़ लगाया गया था। धीरे-धीरे जब वह पीपल का पेड़ बड़ा होने लगा तब 1963 में यहां हनुमान जी की एक मूर्ति स्थापित की गई। जिसके बाद से इस रस्ते से गुजरने वाले राहगीर हनुमान जी की पूजा अर्चना करने लगे। इसके बाद 1966 में भक्तों द्वारा उसी पीपल के वृक्ष के नीचे शिव भगवान की मूर्ति स्थापित की गई। यहां भक्त आगामी कई वर्षों तक पूजा-पाठ करते रहे।

### 9 अप्रैल 1984 को...

हैं वह पूरी होती है। नवरात्रि के अवसर पर यहां बड़ी संख्या में भक्त माता के दर्शन के लिए आते हैं। यहां मां के चौखट में बैठ भक्तों को परम सुख और आनंद की प्राप्ति होती है। इस शारदीय नवरात्रि में मंदिर में 900 के करीब मनोकामना ज्योति कलश जलाए गए हैं।

### ओमान और लंदन...

गंगरेल बांध के अस्तित्व में आने से पहले देवी का मूल स्थान वनग्राम चंवर, बटरेल, कोरमा, कोकड़ी की सीमा पर सूखा नदी के पवित्र संगम पर था। बांध बनने के बाद माता को गंगरेल बांध के तट पर स्थापित किया गया। यह 52 गांवों की अधिष्ठात्री वनदेवी हैं। प्रतिवर्ष दीपावली के बाद प्रथम शुक्रवार को विशाल मेला का आयोजन होता है, जिसमें छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति की छटा बिखरती है।

**संतान प्राप्ति की मन्नत होती है पूरी-**

आदिशक्ति मां अंगारमोती संतान प्राप्ति के लिए विख्यात है। दूर-दूर से लोग मन्नत मांगने आते हैं। यहां होने वाले मेले में परण पड़ने की परंपरा सदियों में चली आ रही है। सैकड़ों महिलाएं मेले के दिन माता के दरबार के सामने कतार लगाकर पेट के बल लेटती हैं, जिनके ऊपर से देव विग्रह लेकर माता के पुजारी चलते हैं। मान्यता है कि परण पड़ने की परंपरा निभाने से निःसंतान दंपति की झोली भर जाती है।

### यूके से ज्योति...

है। यहां सर्व मनोकामना ज्योति के लिए आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, ओडिशा के अलावा ओमान देश से चंचल तथा लंदन से अनुभव धर्मराज ने पंजीयन कराया है।

### मां दंतेश्वरी मंदिर...

पावन नगरी में आज से शारदीय नवरात्र की शुरूआत हो रही है। आस्था के इस महापर्व को लेकर व्यापक तैयारियां की गई है। दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए जिला प्रशासन और टेम्पल कमेटी ने स्वास्थ्य, पेयजल जैसे मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा है। वहीं नवरात्रि के दौरान रोज शाम को विभिन्न सांस्कृति आयोजन होंगे। नवरात्रि के प्रथम दिन मां दंतेश्वरी मंदिर में सुबह घट स्थापना के साथ मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना होगी।

**कॉरिडोर और मंदिर की सजावट होगा आकर्षण का केंद्र-**

मां दंतेश्वरी बस्तर की आराध्य देवी के रूप में मानी जाती है। माता के दरबार में हर वर्ष शारदीय और चैत्र नवरात्रि का आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। इस बार श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा होने की संभावना जताई जा रही है। मंदिर प्रांगण में नव निर्मित कॉरिडोर और मंदिर की सजावट मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा।

**20 सुविधा केन्द्र-**

शारदीय नवरात्रि में दूर दराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पैदल व घुटने के बल माता के दर्शन और आशीर्वाद लेने यहां पहुंचते हैं। इनकी सुविधाओं के मद्देनजर गीदम से मैलावाड़ा तथा फरसपाल मार्ग में 20 सुविधा केन्द्र बनाए गए हैं। इसके अलावा दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए देव भोग होटल के पीछे मेला स्थल तथा हाई स्कूल मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

### मंदिरों के प्रति...

कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इसमें बिलासपुर के महामाया मंदिर में 40 हजार, कोरबा के सर्वमंगला मंदिर में 10 हजार, चंद्रहासिनी मंदिर में 16 हजार, अंबिकापुर के महामाया मंदिर में 14 हजार के करीब ज्योति कलशों की स्थापना होगी। शारदीय नवरात्रि में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, न्यूजीलैंड और इंडोनेशिया जैसे देशों में रहने वाले माता के भक्तों ने भी यहां ज्योत जलवाई है।

बिलासपुर के महामाया मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष सिंह के मुताबिक देश के 51 शक्ति पीठों में एक रतनपुर की महामाया देवी भी है। यहां सोमवार की सुबह 5 बजे माता का नव श्रृंगार कर महाभिषेक किया जाएगा। इसके बाद सुबह घटस्थापना होगी और 101 पुजारी विधि-विधान से माता की पूजा करेंगे। सुबह 11 बजे ज्योति कलश प्रज्वलित किया जाएगा। नवरात्रि के दौरान पूरे 9 दिन तक मंदिर के पट बंद नहीं होंगे और वह पूजन मुद्रा में विराजमान रहेंगी। नवरात्रि पर्व पर 9 दिनों तक पूजा-अर्चना, यज्ञ, श्रीमद् देवी भागवत, दुर्गा सप्तशती पाठ, सतचंडी यज्ञ किया जाएगा, जसगीत होगा। श्रद्धालुओं के लिए निश्शुल्क भोजन की व्यवस्था होगी। इसी तरह तिफरा काली मंदिर में 9 दिनों तक जसगीत, देवी भागवत, दुर्गा सप्तशती का पाठ होगा। जरहाभाठा दुर्गा मंदिर में नवमी तिथि पर माता का राजसी श्रृंगार होगा। गायत्री मंदिर विनोबा नगर में 24 हजार गायत्री महामंत्र का अनुष्ठान होगा। **मंदिर परिसर की 40 सीसी कैमरों से निगरानी-** महामाया मंदिर ट्रस्ट के मुताबिक परिसर की सुरक्षा के लिए चाक-चौबंद प्रबंध किए गए हैं। सुरक्षा के लिए मंदिर सहित पूरे परिसर में 40 सीसी टीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसमें 16 डिजिटल लैंस के कैमरे हैं। इनसे गतिविधियों की निगरानी की जाएगी। मंदिर परिसर का रंग-रोगन कर, लाइटिंग, तोरनों व वंदन वारों से आकर्षक सजाया गया है। मंदिर परिसर व धर्मशालाओं में दर्शनार्थियों के रूकने की व्यवस्था व छाया के लिए पंडाल लगाया गया है। हर रोज रात आठ बजे जसगीत व माता सेवा गीत होगा। **विदेशी भक्तों ने भी यहां जलवाई ज्योत-** बिलासपुर के महामाया मंदिर, कोरबा के सर्वमंगला मंदिर, चंद्रहासिनी मंदिर, के साथ ही अंबिकापुर के महामाया मंदिरों में नवरात्रि और भी खास है। इन मंदिरों के प्रति आस्था की डोर इतनी मजबूत है कि यह सीमाओं को भी पार कर जाती है। शारदीय नवरात्रि में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, न्यूजीलैंड और इंडोनेशिया जैसे देशों में रहने वाले माता के भक्तों ने भी यहां ज्योत जलवाई है। यह देखकर लगता है कि मां महामाया की कृपा और आशीर्वाद हर जगह अपने भक्तों पर बनी हुई है। महामाया मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष सिंह के मुताबिक यह सचमुच अद्भुत है कि आज के आधुनिक युग में भी लोगों की आस्था और विश्वास इतनी अटूट है। माता का मंदिर न केवल एक धार्मिक स्थल है, बल्कि यह एक ऐसा केंद्र भी है जो लोगों को जोड़ता है और उन्हें उम्मीद और शक्ति प्रदान करता है।

### पीएम मोदी बोले-...

'नवरात्रि के पहले दिन, देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण और बड़ा कदम उठाने जा रहा है। कल सूर्योदय के साथ, अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू हो जाएंगे। कल से 'जीएसटी बचत उत्सव' शुरू होगा।' उन्होंने आगे कहा, 'आप अपनी पसंद की वस्तुएं ज्यादा आसानी से खरीद पाएंगे... इससे गरीब, मध्यम वर्ग, नव मध्यम वर्ग, युवा, किसान, महिलाएं, व्यापारी और दुकानदार लाभान्वित होंगे।' मोदी ने कहा कि त्योहारों के इस मौसम में सभी की खुशियां बढ़ेंगी। उन्होंने अगली पीढ़ी के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों के लिए सभी को बधाई दी। मोदी ने कहा, ये सुधार भारत की वृद्धि गाथा को गति देंगे, कारोबारी सुगमता को बढ़ाएंगे और अधिक निवेशकों को आकर्षित करेंगे।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भारत ने 2017 में जीएसटी सुधारों की ओर कदम बढ़ाया, तो इतिहास रचने की एक नई शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि जीएसटी ने 'एक राष्ट्र-एक कर' के सपने को साकार किया। मोदी ने इस बात का उल्लेख भी किया कि कैसे करों और टोल के जाल ने व्यवसायों और उपभोक्ताओं के लिए कठिनाइयां पैदा की हैं। उन्होंने 12 लाख रुपये तक की आय पर आयकर छूट और जीएसटी सुधारों का हवाला देते हुए कहा कि यह गरीबों, नव-मध्यम वर्ग और मध्यम वर्ग के लिए दोहरा लाभ है। उन्होंने यह भी कहा कि जीएसटी सुधारों से छोटे और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को बड़ा लाभ होगा।

### बिजली करंट की...

घायलों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की है।

पुलिस जांच में जुटी - विश्रामपुरी पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही भी इस हादसे की बड़ी वजह है

### विकास अनुज्ञा शुल्क :...

संरचना को जोड़ा गया है। अस्थायी संरचना का मतलब निर्माण कार्यों का औपचारिक आयोजन उद्देश्यों के लिए बनाई गई संरचना है। जिनके छह माह से अधिक समय तक विद्यमान रहने की योजना नहीं हैष जैसे तंबू, शामियान या मचान आदि इसमें रखे गए हैं।

### किस शहर के...

राजनांदगांव और अंबिकापुर के लिए यह दर क्रमशः 40 हजार, 75 हजार और 20 हजार होगी। अन्य निवेश क्षेत्रों के लिए दर 25 हजार, 50 हजार और 10 हजार रुपए होगी। खास बात ये है कि अनुज्ञा शुल्क की गणना प्रति वर्ग मीटर के आधार पर की जाएगी। लेकिन न्यूनतम अनुज्ञा शुल्क 10 हजार रुपयों से कम नहीं होगा।

### अब प्लींथ सर्टिफिकेट...

होगा। अगर ऐसा नहीं किया तो प्राधिकारी प्लींथ के ऐसे हिस्से जो आपत्ति के अधीन हैं, को हटाने के लिए सक्षम होगा।

### भारत ने पाकिस्तान ...

शर्मा ने सर्वाधिक 74 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से हारिस राउफ ने 2, फहीम और अबरार ने 1-1 विकेट लिया। 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने अच्छी शुरुआत दिलाई है। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी हुई। शुभमन गिल 28 गेंद में 47 रन बनाकर आउट हुए। फहीम ने उन्हें आउट किया। सूर्यकुमार यादव (0) तेज गेंदबाज हारिस राउफ का शिकार बने। अभिषेक शर्मा ने 39 गेंद में 74 रन की पारी खेली। अभिषेक को अबरार ने आउट किया। संजू सैमसन 17 गेंद में 13 रन ही बना सके। तिलक वर्मा 19 गेंद में 30 रन और हार्दिक पांड्या 7 गेंद में सात रन बनाकर नाबाद लौटे। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 171 रन बनाए।

### बीसीसीआई में बढ़ेगी...

जैसी बड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। ज्वाइंट सेक्रेटरी का पद विशेष महत्व रखता है, क्योंकि अंडर-19 टीम और भारतीय महिला क्रिकेट टीमों के चयन की प्रक्रिया उनके निर्देशन में होती है। क्रिकेट प्रेमियों को विश्वास है कि उनकी अगवाई में शीघ्र ही छत्तीसगढ़ से खिलाड़ी भारतीय टीम में जगह बना पाएंगे।

### डॉ. रमन ने कहा-...

ट्रॉफी जीतने का गौरव हासिल किया। छत्तीसगढ़ में भी इंटरनेशनल मैंच दिसंबर और जनवरी में आयोजित होने वाले हैं। अध्यक्ष, मिथुन मन्हास, उपाध्यक्ष, राजीव शुक्ला, कोषाध्यक्ष रघुराम भट्टसचिव : देवजीत सैकिया, संयुक्त सचिव : प्रभतेज भाटिया, आईपीएल चैयरमैन : अरुण सिंह धूमल।

### सिर्फ नए आवेदकों...

शुक्रवार को जारी की गई घोषणा केवल उन पर लागू होगी जो अब आवेदन करेंगे। यह घोषणा उन लोगों पर लागू नहीं होती है जो उद्घोषणा की प्रभावी तिथि से पहले दायर किये गये आवेदनों के लाभार्थी हैं, वर्तमान में स्वीकृत आवेदनों के लाभार्थी हैं, या जिनके पास वैध रूप से जारी एच-1बी गैर-आप्रवासी वीज़ा हैं।

IndiGrid INDIA GRID TRUST ("IndiGrid")

"सबस्टेशन, ट्रांसमिशन लाइन और सोलर में रोमांचक करियर के अवसर - हमसे जुड़ें!"

6 और 7 अक्टूबर को दिल्ली और भोपाल में भर्ती अभियान

| बी यू | कार्य भूमिका | योग्यता | अनुभव | वेतन सीमा |
|---|---|---|---|---|
| सबस्टेशन | सबस्टेशन प्रभारी<br>रखरखाव इंजीनियर<br>शिफ्ट इंजीनियर<br>तकनीशियन | बीई/बी .टेक<br>बीई/बी .टेक<br>डिप्लोमा<br>आईटीआई/डिप्लोमा | 7-10 वर्ष<br>4-5 वर्ष<br>4-5 वर्ष<br>6-10 वर्ष | 12 लाख प्रतिवर्ष तक<br>6 से 9 लाख प्रतिवर्ष<br>5 लाख प्रतिवर्ष तक<br>4 .5 लाख प्रतिवर्ष तक |
| संचरण लाइन | लाइन मैनेजर<br>लाइन इंजीनियर<br>प्रमुख तकनीशियन | बीई/बी .टेक<br>बीई/बी .टेक<br>आईटीआई/डिप्लोमा | 5-9 वर्ष<br>4-5 वर्ष<br>7-10 वर्ष | 7 से 10 लाख प्रतिवर्ष<br>6 से 9 लाख प्रतिवर्ष<br>5 .5 लाख प्रतिवर्ष तक |
| सौर | विद्युत इंजीनियर<br>तकनीशियन | बीई/बी .टेक<br>आईटीआई | 5-8 वर्ष<br>6-10 वर्ष | 7 से 10 लाख प्रतिवर्ष<br>4 .5 लाख प्रतिवर्ष तक |
| बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) | रखरखाव इंजीनियर<br>तकनीशियन | बीई/बी .टेक<br>आईटीआई/डिप्लोमा | 4-5 वर्ष<br>6-10 वर्ष | 6 से 9 लाख प्रतिवर्ष<br>4 .5 लाख प्रतिवर्ष तक |

साक्षात्कार निम्नानुसार निर्धारित है: दिन 1 (6 अक्टूबर) और दिन 2 (7 अक्टूबर)

दिन 1: तकनीशियन, फिटर, लीड तकनीशियन (सबस्टेशन, ट्रांसमिशन लाइन और सौर)

दिन 2: शिफ्ट इंजीनियर, रखरखाव इंजीनियर, लाइन मैनेजर, लाइन इंजीनियर, इंजीनियर/सीनियर इंजीनियर-सोलर

साक्षात्कार का समय : सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक । साक्षात्कार स्थल: (दिल्ली)-इंडिग्रिड कार्यालय, पाँचवीं मंजिल, जेएमडी गैलेरिया, सोहना रोड-48, गुड़गांव, हरियाणा-122018

साक्षात्कार का समय : सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक । साक्षात्कार स्थल: (भोपाल) - होटल श्री वाटिका, आर-51, चेतक ब्रिज के पास, जोन-1, महाराणा, भोपाल, मध्य प्रदेश-462011

कार्यस्थल : पूरे भारत में। रिज्यूमे साझा किए जाने के लिए ईमेल आईडी : careers@indigrid.com (कृपया 3 अक्टूबर 2025 तक अपना बायोडाटा साझा करें)



# अतिरिक्त विषय का विकल्प समाप्त, गणित और विज्ञान संग नहीं पढ़ पाएंगे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सीबीएसई ने परीक्षा संबंधित एक बड़ा बदलाव किया है, जिससे हजारों छात्रों की प्लानिंग पर असर पड़ सकता है। अब तक प्राइवेट कैंडिडेट्स के पास क्लास 10 और 12 में एडिशनल सब्जेक्ट लेने का ऑप्शन था। यानी बारहवीं पास करने के बाद छात्र अगले दो सालों तक कोई नया विषय चुनकर उसका एग्जाम दे सकते थे। कई बच्चों ने इसका इस्तेमाल कर अपने करियर की दिशा बदली। जैसे, बायोलॉजी पढ़ने वाला छात्र बाद में मैथ्स लेकर जेईई की तैयारी कर लेता था, लेकिन अब 2026 से ये रास्ता बंद हो जाएगा। बोर्ड का कहना है कि प्राइवेट बच्चों को इंटरनल



असेसमेंट देना संभव नहीं है, जबकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में आंतरिक मूल्यांकन अनिवार्य है। सीबीएसई के अनुसार, प्राइवेट कैंडिडेट्स को एडिशनल सब्जेक्ट में इंटरनल असेसमेंट के नंबर देना मुश्किल होता है। बोर्ड का फोकस केवल परीक्षा कराने पर नहीं, बल्कि स्कूलिंग के पूरे अनुभव पर है। इसी वजह से 2026 से इस विकल्प को हटा दिया गया है।

## दसवीं में अपेक्षाकृत कम छात्र

सीबीएसई के आंकड़ों के मुताबिक, 2025 की परीक्षा में 2768 छात्रों ने अतिरिक्त विषय के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें से 2161 स्टूडेंट्स (78%) परीक्षा में बैठे थे। वहीं 2024 में ये संख्या थोड़ी कम रही। उस साल 2225 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया था और 1657 (74%) ने परीक्षा दी थी। वहीं क्लास 10 में भी छात्र इस विकल्प का फायदा उठा रहे थे। 2025 में 375 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया और 311 ने परीक्षा दी। वहीं 2024 में 330 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें से 267 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हुए।

**ऐसे मिलता था फायदा-** अब तक क्लास 12 पास करने के बाद छात्रों को दो साल तक किसी अतिरिक्त विषय की परीक्षा देने का मौका मिलता था। उदाहरण के तौर पर, अगर किसी छात्र ने 11वीं-12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी ली थी, तो वह अगले साल मैथ्स का पेपर देकर जेईई जैसी परीक्षाओं में शामिल हो सकता था।

### ट्रांसप्लांट के लिए जरूरी संसाधन और दक्ष स्टाफ की व्यवस्था पर खर्च होनी है राशि

# घोषणाओं में फंसकर रह गया डीके अस्पताल का किडनी ट्रांसप्लांट, 6 करोड़ को सालभर बाद भी मंजूरी नहीं

### एम्स के साथ निजी अस्पतालों में हो रहा प्रत्यारोपण यहां नजर नहीं आ रही विभागीय गंभीरता

**रायपुर।** प्रदेश में किडनी प्रत्यारोपण की संभावनाओं को जन्म देने वाले डीके अस्पताल में अब तक इसकी शुरुआत नहीं हो सकी है। सालभर पहले इसके लिए 6 करोड़ की घोषणा तो हुई, मगर स्वीकृति के अभाव में राशि नहीं मिली। इस रकम की मदद से अस्पताल में जरूरी संसाधन और दक्ष स्टाफ की व्यवस्था की जानी थी। पैसे नहीं मिलने के कारण प्रत्यारोपण की योजना केवल घोषणाओं के बीच फंस कर रह गई। वर्तमान में एम्स के अलावा किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा राज्य के निजी अस्पतालों में है, जिसका लाभ भी मरीजों को मिल रहा है, मगर स्वास्थ्य विभाग स्वयं के शासकीय अस्पताल में प्रत्यारोपण की सुविधा प्रारंभ कराने का श्रेय लेने से चूक रहा है। यहां प्रत्यारोपण की शुरुआत के लिए कई तरह की योजनाएं बनाई गईं, मगर कार्यरूप में एक भी नहीं आ पाई। सालभर पहले स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने डीके अस्पताल में प्रत्यारोपण प्रारंभ करने के लिए प्रस्तावित 6 करोड़ की राशि दिए जाने की घोषणा की थी। मंत्री की दिलचस्पी से एक बार फिर संभावना जागी थी, मगर विभागीय उदासीनता और वित्त विभाग से मंजूरी के अभाव में राशि का आवंटन नहीं हुआ, जिसकी वजह से डीके अस्पताल का किडनी ट्रांसप्लांट एक और घोषणा के नीचे दबकर रह गया। अस्पताल में प्रत्यारोपण के लायक विभिन्न विभाग के विशेषज्ञ डाक्टर तो हैं, मगर गुर्दा प्रत्यारोपण इकाई बनाने और अन्य स्टाफ को इसके लिए प्रशिक्षित करने सहित अन्य संसाधन जुटाने के लिए राशि की आवश्यकता है।



## प्रत्यारोपण के लिए 2 सौ वेटिंग में

राज्य में केडेवर डोनेशन की प्रक्रिया भी पूरी की जा रही है। इसके लिए गठित राज्य अंग एवं उतक प्राधिकरण के पास 200 लोगों की प्रतीक्षा सूची मौजूद है। इसमें सर्वाधिक जरूरतमंद किडनी के हैं। इसके अलावा राज्य में लाइव किडनी प्रत्यारोपण भी किया जा रहा है, जो एम्स के अलावा आधा दर्जन से अधिक अस्पतालों में पूरा हो रहा है। इसके लिए आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत मदद भी मिल रही है।

**हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए नहीं बनी ओटी-** इधर सरकारी स्तर पर हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए आंबेडकर अस्पताल में बनाया जा रहा ऑपरेशन थियेटर विभागीय लापरवाही की भेंट चढ़ गया है। ओटी निर्माण के लिए करीब दो करोड़ रुपये स्वीकृत हुआ था। इससे एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट के पिछले हिस्से में भवन निर्माण का काम शुरू किया गया था, जो तीन साल बीतने के बाद भी पूरा नहीं हुआ है।

## संबंधित विभाग मौजूद

किडनी प्रत्यारोपण के लिए मुख्यतः नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी विभागों की आवश्यकता होती है। इसके अलावा ऑपरेशन थियेटर में एनीस्थिसिया विशेषज्ञ, नर्सिंग स्टाफ, टेक्निशियन की आवश्यकता होती है। डीके अस्पताल में दोनों विभागों के डाक्टर पदस्थ हैं। यहां ओटी और आईसीयू की व्यवस्था है, जिसे कुछ खर्च से किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट का रूप दिया जा सकता है। साथ ही चिकित्सकीय स्टॉफ को ट्रेनिंग देकर इसके लिए दक्ष बनाया जा सकता है।

## एयरपोर्ट मार्ग पर मिले दो दर्जन कटे हुए ट्रॉली बैग, शरारत या साजिश

**रायपुर।** एक्सप्रेस वे से स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट मार्ग पर लावारिश हालत में दो दर्जन से ज्यादा कटे हुए ट्रॉली बैग मिलने से हड़कंप मच गया है। लावारिश हालत में बैग मिलने की घटना को माना पुलिस किसी गंभीर अपराधिक षड़यंत्र मानकर जांच कर रही है। शुरुआती जांच में अब तक पुलिस को किसी प्रकार की सफलता नहीं मिली है। जांच करने डॉग स्कवाड के साथ फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन उन्हें भी जांच में किसी प्रकार से सफलता नहीं मिली है। तालाब किनारे जो बैग मिले हैं, वह नए हैं। बैग को ब्लेड से काटा गया है।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids सुनाई मशीन • Dental/ दंत रोग • मुख के कैंसर प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

सभी प्रकार की एलर्जी — डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे
94060-21769

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE

दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बूढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

20 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
Lab Care Diagnostics — लैब केयर डायग्नोस्टिक्स
Mo.: 9826725383
50% डिस्काउंट के साथ उचित जाँच

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है- भोजनालय में काम करने के लिए इंडियन कुक, हेल्पर की अतिशीघ्र आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार केवल अनुभवी ही सम्पर्क करें- तृप्ति भोजनालय मंगला चौक बिलासपुर 8319529383 (38758)

आवश्यकता है- बिलासपुर की Pvt.Ltd. कम्पनी को मैनेजर, सोलर टेक्नीशियन, सोलर आपरेटर, फिल्ड ऑफिसर, सर्वेयर, काउन्सलर, कम्प्यूटर आपरेटर, ऑफिस ब्वाय (प्यून) की आवश्यकता है वेतन 10000- 35000 सम्पर्क करें- नारायण प्लाजा, बिलासपुर 8085045559, 6269222001 (38757)

आवश्यकता है- रेडीमेड शोरूम में सेल्सगर्ल, सेल्समेन, हेल्पर चाहिए आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- वियर विला, धन गुरुनानक दरबार के पास, बलराम टाकीज रोड, सिन्धी कालोनी जरहाभाठा बिलासपुर 9827116420, 8827550866 (38755)

आवश्यकता है- बागेश्वर बालाजी कोल एण्ड ट्रान्सपोर्ट में फिल्ड वर्क के लिए लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 8516900999 (38756)

आवश्यकता है- शाकाहारी भोजन बनाने हेतु कुक, हेल्पर, रूम सर्विस हेतु अनुभवी वेटर्स, सेक्युरिटी गार्ड, हाउस कीपिंग हेतु लड़के चाहिए संपर्क करें सुबह 8 से 12 बजे तक हॉटल शिवनेरी लिंकरोड बिलासपुर (38742)

आवश्यकता है- सुबह से शाम तक घर में सात्विक शाकाहारी खाना बनाने हेतु लड़की की आवश्यकता है। शिक्षा 12वीं वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- वी-18, रामा लाइफ सिटी सकरी बिलासपुर 9893081826, 8319817966 (38731)

आवश्यकता है- आफिस कार्य, बिलिंग, प्रोडक्ट मैनैजमेंट हेतु अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर चाहिए योग्यता डीसीए, बीसीए वेतन योग्यता अनुसार बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- शिवा इन्टरप्राइजेस अरपा काम्प्लेक्स पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9893081826 (38743)

आवश्यकता है- बिलासपुर एवं आसपास के शहरों में आने जाने के लिए 10वीं, 12वीं पास नशा मुक्त, सभ्य, लाइसेंसी कार ड्राइवर चाहिए सम्पर्क करें- रामा लाइफ सिटी सकरी बिलासपुर 9893081826, 7067124226 (34744)

आवश्यकता है- बसंत साड़ी सेंटर में कार्य करने हेतु अनुभवी स्टोर मैनेजर, फ्लोर मैनेजर, कैशियर ,HR(फ्रेशर भी कर सकते हैं) की आवश्यकता है। वेतन योग्यताअनुसार बायोडाटा सहित संपर्क करें। सुबह 11 बजे, बसंत साड़ी सेंटर, सदर बाजार, बिलासपुर 83052-84014, 79870-65573 (38736)

आवश्यकता है- (1) सिविल साइट सुपरवाइजर, इंजीनियर (autocad, structural knowledge साइट चलाने योग्य) (2) ऑफिस, साइट, रजिस्ट्री, राजस्व विभाग डायवर्सन नामांतरण, नगर निगम संबंधी कार्य हेतु अनुभवी मैनेजर चाहिए सम्पर्क- 9770770000, 98270 72000 (38746)

आवश्यकता है- ज्वेलरी शॉप में (1) सेल्समैन/ सेल्सगर्ल 4पद (2) बिलिंग हेतु- 2पद (4) HR- 1पद (5) कैशियर- 1पद वेतन 10000 से 20000 योग्यता अनुसार। अनुभवी ही सम्पर्क करें- Kamla सतीश्री ज्वेलर्स हनुमान मन्दिर के बगल में (बर्तन लाइन में) सदर बाजार मेन रोड, बिलासपुर 9827174256, 9907901110 (कृपया कॉल करके आयें) (38739)

आवश्यकता है- मेन्स वियर, किड्स वियर, कुर्ती, साड़ी हाउस में सेल्समैन सेल्सगर्ल हेल्पर की आवश्यकता है। सैलरी+ हर बिक्री पर 1% कमीशन। पता- पुराना बस स्टैण्ड, करबला रोड, बिलासपुर सम्पर्क करें- 7566285241 (38747)

आवश्यकता है- अदी अम्मा ब्लीस गद्दा कम्पनी में मार्केटिंग हेतु एक सेल्समैन की आवश्यकता है हमारे यहा ईपी शीट, फोम, गद्दा बिक्री किया जाता है। अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 7000741120, 8319402577 (38748)

आवश्यकता है- होलसेल दवाई दुकान में कार्य करने के लिए लड़की/ लड़कों एवं ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- के.एस. एजेन्सीज, मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (38749)

आवश्यकता है-डिपार्टमेंटल स्टोर में स्टोर मैनेजर (वेतन 15000- 20000) सेल्समैन (वेतन 8000- 12000) सेल्सगर्ल (वेतन 5000- 8000) चाहिए। अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- फीलिंग्स, अपोजिट अम्बा फ्यूल्स तारबाहर रोड, बिलासपुर 8982278005 (38727)

आवश्यकता है-फर्नीचर शोरूम में काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- मित्तल फर्नीचर अमेरी चौक रिंग रोड नम्बर 2 बिलासपुर 9752855538 (38723)

आवश्यकता है- कम्प्यूटर ऑपरेटर की जिनको बेसिक नॉलेज हो एक्सेल और बिलिंग वर्क हेतु और साथ ही लड़कों की आवश्यकता है जिनके पास खुद की गाड़ी हो और बिलासपुर शहर के सभी रोड की जानकारी हो पता- Shikha silk bilaspur 9981531694 (38732)

आवश्यकता है- हेवी मीडिया कोल वाशरी में (1) अनुभवी ड्राइवर ट्रिप टेलर BS6 5540/ 4625 हेतु 40 पद, (2) अनलोडिंग सुपरवाइजर 3 पद (3) डिस्पैच सुपरवाइजर 3 पद (4) ट्रांसपोर्ट मैनेजर, इंचार्ज, सुपरवाइजर 3 पद (5) रेक लोडिंग सुपरवाइजर/ इंचार्ज 2 पद (6) बेल्ट प्रेस ऑपरेटर 2 पद (7) वाशरी ऑपरेटर 2 पद (8) फिटर एंड वेल्डर 2 पद की आवश्यकता है सम्पर्क- 9340061365, 8815104587 पता- CP&CBL बिलासपुर छत्तीसगढ़ (38729)

आवश्यकता है- अनुभवी रिसेपशनिस्ट (हॉस्पिटल मैनेजमेंट) अनुभवी PRO (फील्ड वर्क) अनुभवी फार्मासिस्ट (मेडिकल स्टोर हेतु), X-RAY टेक्नीशियन कोटा, सीपत, सरगांव हेतु। पता- प्रभा हॉस्पिटल, महामाया चौक, रतनपुर रोड लोधीपारा सरकंडा बिलासपुर 74709 46314 (38734)

आवश्यकता है- दुकान में काम करने हेतु सेल्समैन चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- गजानंद ग्लास, लक्ष्मी मेडिकल एवं मानसरोवर लॉज के पास, गोल बाजार चौक बिलासपुर 86684 08178 (38733)

आवश्यकता है-मोबाइल दुकान मे काम करने हेतु अनुभवी लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार समय सुबह 10बजे से रात 9बजे तक सम्पर्क करें- 9827491999 (38724)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य की आवश्यकताएं 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो कानपुर में रह कर काम कर सके वेतन 10000 + कमीशन +बोनस +प्रमोशन + रेल ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20 हजार महीना संपर्क करें 87705 08791 ,7225815090 (416)

आवश्यकता है- घरेलू कार्य करने के लिए एक महिला एक पुरुष, माली एवं दो गार्ड की आवश्यकता है सम्पर्क करें- मगरपारा बिलासपुर 76940 06589 (38728)

आवश्यकता है- खाने बनाने हेतु मिस्त्री, साफ सफाई, रूम सर्विस करने हेतु तीन लड़के (रहने खाने की पूरी सुविधा) एवं साफ सफाई हेतु तीन बाई की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8988888542, 88391 69907 (38735)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु कम्प्यूटर अनुभवी एकाउंटेंट एवं फ्लाई एश ब्रिक्स कारखाने में मुंशी एवं चौकीदार की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- अदिति फ्लाई एश ब्रिक्स कोपरा रोड बेलमुण्डी 98274 75898, 8234078440 (38721)

आवश्यकता है-रियल स्टेट ऑफिस में ऑफिस कार्य एवं मार्केटिंग हेतु 18 से 23वर्ष की लड़कियां चाहिए योग्यता 12वीं से ग्रेजुएट वेतन 6000 से 12000 समय सुबह 10:30 से शाम 7:30 lunch included सम्पर्क- स्वप्निल बिल्ड रियल स्टेट 9302822476, 7415558455 (38706)

आवश्यकता है-दुकान में कार्य करने के लिए कुशल कर्मचारी और अनुभवी ड्राइवर की तत्काल आवश्यकता है सम्पर्क करें- पलक पायल आर.के. बूट हाउस गली मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 7987524449, 93026 55588 (38725)

आवश्यकता है- अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या-950 वनरक्षक फील्डऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (23500+ 47500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (अनिल कुमार)-92084 33816 (1164)

आवश्यकता है-ऑफिस में टेलीकॉलिंग कार्य हेतु लड़कियों की आवश्यकता है योग्यता 10वी 12वीं एवं ग्रेजुएट उम्र 18-30, समय 10 से 5:30 वेतन 5000 से 20000 योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- नियर मैग्नेटो मॉल साईं मंदिर बिलासपुर 8817571731 (283)

आवश्यकता है-ऑफिस में कार्य हेतु 18 से 30 वर्ष की युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें- श्रीराम केयर हॉस्पिटल के पीछे गीतांजलि विहार 6268331784, 79873 92821 (282)

आवश्यकता है- ऑनलाइन कॉस्मेटिक सामान के पार्सल पैकिंग कार्य हेतु 5 लड़के, 5 लड़कियों की आवश्यकता है, वेतन 8000/- कार्य समय 10.00 से 8.00, संपर्कः- पाहवा इंटरप्राइजेज गोल्डन बार के पीछे व्यापार विहार बिलासपुर 8109167000 (286)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है उम्र 18 से 30 साल तक संपर्क करे देवकी नंदन चौक बिलासपुर ऑफिस टाइम 10 से की 5:30 बजे मो. 98932 71728 (287)

## शैक्षणिक

शैक्षणिक-मैट्स विश्व विद्यालय मुक्त दूरवर्ती ऑन लाइन एजुकेशन शासकीय सेवा में मान्य, डीसीए, पीजीडीसीए, बीसीए, एमसीए, बीए, एमए, बीकॉम, एमकॉम, बीबीए, एमबीए, बीलिब, इनफॉर्मेशन सेन्टर- राजेन्द्र नगर चौक, बिलासपुर 95160 36581, 8959264581 (38718)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

## बेचना

बेचना है- हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड49 बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफोर्डेबल फ्लैट टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (38649)

बेचना है-कोटा रोड, रायपुर, दिशा कॉलेज के पास, रेलवे स्टेशन से मात्र 1 किलो मीटर व एम्स से मात्र 2 किलो मीटर की दूरी पर नव निर्मित सोसाइटी में 2BHK 3BHK फ्लैट्स बेचना है सम्पर्क करें- 9238925953 (13)

बेचना है- दुकान का सेटअप ग्लास, प्लाई से बना हुआ रैक काउन्टर बेचना है। मोबाइल दुकान, दवाई दुकान, कपड़ा दुकान इत्यादि के लिए उपयुक्त है सम्पर्क करें- 8103450537 (38753)

बेचना है- बिलासपुर नगर निगम अन्तर्गत TNC स्वीकृत कालोनी में प्लाट बेचना है (1) मोपका घी कुण्ड तालाब के बगल में श्री जेपी विहार कालोनी में 1000 वर्गफुट (2) मंगला दीनदयाल कालोनी के पीछे 1100 वर्गफुट (3) रतनपुर मुख्य मार्ग में बिरकोना मोपका बाइपास रोड पर बालाजी सिटी कालोनी में 1250 वर्गफुट (4) हेमू नगर जीनत ग्रीन विहार कालोनी के पास 1000 वर्गफुट। नामांतरण फ्री, डायरेक्ट मालिक से बैठक, कोई ब्रोकरेज शुल्क नहीं सम्पर्क- 9893266152 (38730)

बेचना है- व्यापार विहार में सेमी कमर्शियल डबल मंजिल दुकान मेन रोड से 100 मीटर दूरी पर प्लॉट एरिया 234 वर्गफीट निर्माण 400 वर्गफीट कीमत 35लाख में बेचना है सम्पर्क करें- 9301227779 (38750)

बेचना है- तिफरा यदुनन्दन नगर, एकता परिसर में सर्व सुविधा युक्त 2BHK मकान एवं सूर्या विहार फेस-2 A के पास 1600 वर्गफुट (45×35.5) का प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 8319467171, 8817723441 (38754)

बेचना है-बिलासपुर सिरगिट्टी के गोविन्द नगर में 3225 वर्गफीट और व्यापार विहार में दुकान के लिए एक प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें- 9630083740, 97706 76030 (38722)

बेचना है-महाराणा प्रताप चौक साईं बाबा हॉस्पिटल के पास 2BHK मकान 22x45 ईस्ट फेसिंग 55 लाख में बेचना है लोन सुविधा उपलब्ध सम्पर्क करें-6265041277, 93299 40681 (270)

बेचना है-पूर्ण विकसित T&C एवं 80 परिवारों वाली कालोनी आर.के. रेसीडेन्सी तिफरा में दो मकान बेचने हैं। 2BHK 45 लाख एवं 3BHK 80लाख में। सम्पर्क करें- 9300989627 (38693)

## किराया

किराया - व्यापार विहार, गुम्बर पेट्रोल पम्प के पीछे F-293 दुकान G+2, साइज 12.5×30, 1125 वर्गफुट किराये से देना है सम्पर्क करें- 9303508203 (38745)

किराया - मुंगेली रोड में ग्रीन गार्डन नीलगिरी अपार्टमेंट में रिनोवेटेड 3 बेडरूम का फ्लैट सर्वेंट क्वार्टर सहित किराये पर देना है बैंक, सर्विस क्लास को प्राथमिकता। किराया 20000/- सम्पर्क करें- 7023445244 (38738)

किराया- लिंगियाडीह राजकिशोर नगर रेड चिल्ली के पास HDFC बैंक के बगल से 28×100 वर्गफुट का एक हॉल फर्स्ट फ्लोर में किराये से देना है सम्पर्क करें- 9827165884, 98271 70147 (38741)

किराया-महाराणा प्रताप चौक के पास, प्रियदर्शनी नगर में दुर्गा मन्दिर के सामने सर्व सुविधा युक्त ए-49 मकान किराए से देना है। सम्पर्क करें- 98934 70141 (38726)

## फायनेंस

फाइनेंस-जन कल्याण योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधार कार्ड पर 50000 से 15 लाख तक 1% ब्याज वार्षिक प्रॉपर्टी पर्सनल बिजनेस दुकानदारी, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए सम्पर्क करें- 9289384524 (285)

Medicare Specialists
इसे जरूर पढ़िये और समझिये
● इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए तुरंत खून की जाँच कराए।
● क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण रोग हैं। जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना, खुजली लाल होना, पेशाब में जलन या पीब आना, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग, हेपाटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सूजाक), रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं।
● क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग हैं सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रूसी, जोड़ो में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना, नाखूनो का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग हैं।
● क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान हैं जैसे: शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि।
ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं है। नीम हकिमो से सावधान। इन बीमारियों का स्थायी इलाज इम्नुनों थैरिपी पर आधारित केवल रस-रसायन में ही है।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.) निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659 9617789223, 9303242200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका... पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड सब कुछ है यहां

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# आईसीसी वनडे रैंकिंग: भारतीय महिला टीम को नुकसान, ऑस्ट्रेलियाई का दबदबा कायम

**दुबई।** भारतीय महिला टीम को ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में 43 रनों से हार का मुंह देखना पड़ा और इसी के साथ उसने सीरीज भी 1-2 से गंवा दी है। वनडे सीरीज में कई भारतीय प्लेयर्स ने प्रभावित तो किया, लेकिन टीम इंडिया जीत नहीं पाई। अब भारतीय टीम को सीरीज हार का खामियाजा आईसीसी वनडे रैंकिंग में चुकाना पड़ा है और एक स्थान का नुकसान हुआ है।



### तीसरे नंबर पर पहुंची टीम

भारतीय महिला टीम आईसीसी वनडे रैंकिंग में दूसरे से तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसे एक स्थान का नुकसान हुआ है। इस समय उसके 126 रेटिंग अंक हैं। जब इंग्लैंड की टीम दूसरे नंबर पर पहुंच गई है और उसके भी इस समय 126 रेटिंग अंक हैं। अगर भारतीय टीम तीसरे वनडे में जीत दर्ज कर लेती, तो रैंकिंग में नुकसान से बच सकती थी।

### पहले नंबर पर ऑस्ट्रेलियाई

आईसीसी वनडे रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम का दबदबा कायम है। टीम के पास नंबर-1 का ताज बना हुआ है और उसके इस समय 164 रेटिंग अंक हैं। 96 रेटिंग अंक के साथ न्यूजीलैंड की टीम चौथे पायदान पर है। वहीं 93 रेटिंग के साथ साउथ अफ्रीकी टीम पांचवें नंबर पर है।

### स्मृति ने लगाया दमदार शतक

भारतीय टीम के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बैटिंग करते हुए कुल 412 रन बनाए थे। इसके बाद भारत के लिए स्मृति मंधाना ने दमदार शुरुआत की। उन्होंने 50 गेंदों में ही शतक लगा दिया था। उन्होंने मैच में 63 गेंदों में ही 125 रन बनाए। उनके अलावा हरमनप्रीत कौर ने 52 रन और दीप्ति शर्मा ने 72 रनों का योगदान दिया। स्नेह राणा ने 35 रनों की पारी खेली। इन प्लेयर्स की वजह से भारतीय टीम ने टक्कर तो कड़ी दी, लेकिन टीम इंडिया टारगेट से पीछे रह गई और सिर्फ 369 रन बना सकी।

## वनडे विश्व कप जीतने में सफल रहेगी भारतीय महिला टीम: सैकिया

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने उम्मीद जताई कि भारतीय महिला टीम 30 सितंबर से गुवाहाटी में शुरू होने वाले विश्व कप में ट्रॉफी जीतने के लंबे इंतजार को खत्म करेगी। महिला वनडे विश्व कप इस बार भारत और श्रीलंका में आयोजित किया जा रहा है। भारतीय टीम अपना पहला मैच श्रीलंका के खिलाफ खेलेगी। इससे पहले उद्घाटन समारोह होगा। भारत ने अभी तक महिला विश्व कप नहीं जीता है लेकिन इस बार उसे ट्रॉफी जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। सैकिया ने कहा, 'अतीत में गुवाहाटी में आईसीसी (पुरुष) विश्व कप के अभ्यास मैच आयोजित किए जाते थे। पहली बार आईसीसी महिला विश्व कप गुवाहाटी से शुरू होगा। उद्घाटन मैच भारत और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा।' उन्होंने कहा, 'विश्व कप के मैच भारत के साथ-साथ श्रीलंका में भी हो रहे हैं, इसलिए हर कोई हमारी भारतीय टीम का समर्थन कर रहा है। भारतीय टीम ने हाल में इंग्लैंड में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था जो बड़ी उपलब्धि है।



## खबर संक्षेप

### इंटर मियामी ने डीसी यूनाइटेड को हराया

**फोर्ट लॉडरडेल।** स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने पहले हाफ में एक गोल करने में मदद की तथा दूसरे हाफ में दो गोल किए, जिससे इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर में डीसी यूनाइटेड पर 3-2 से जीत दर्ज की। मेसी ने 66वें मिनट में अपना पहला गोल दागा। इसके बाद उन्होंने 85वें मिनट में एक और गोल किया। इस तरह से इस सत्र में उनके कुल 22 गोल हो गए हैं, जो गोल्डन बूट अवॉर्ड की दौड़ में नैशविले एससी के सैम सुरिज से एक ज़्यादा है। इससे पहले मिडफ़ील्डर तादेओ अलेंदे ने 35वें मिनट में मेसी की मदद से इस सत्र का अपना आठवां गोल किया। डीसी यूनाइटेड ने 53वें मिनट में बराबरी हासिल कर ली जब क्रिश्चियन बेंटेके ने ब्रैंडन सर्वानिया से मिले पास पर गोल किया। उसकी तरफ से जैकब मुर्रेल ने इंजरी टाइम में दूसरा गोल किया।



### पाटिल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

**जयपुर।** मुंबई के अनुभवी खिलाड़ी रविंद्र पाटिल को यहां दिव्यांग क्रिकेट वार्षिक पुरस्कार समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि कर्नाटक के राजेश कन्नूर को प्लेयर ऑफ द ईयर का सम्मान मिला। दिव्यांग क्रिकेटरों की उपलब्धियों को औपचारिक रूप से मान्यता देने के लिए स्थापित इन पुरस्कारों में देश भर के कई खिलाड़ियों को राजस्थान दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन (आरडीसीए) के सहयोग से भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) के आयोजित समारोह में सम्मानित किया। पुरस्कार पाने वाले अन्य खिलाड़ियों में विदर्भ के गुरुदास राउत को विशेष योगदान पुरस्कार, मुंबई के विक्रांत केनी को प्लेयर्स च्वाइस (लोकप्रिय खिलाड़ी) तथा कर्नाटक के शिवशंकर को आइकॉनिक प्लेयर पुरस्कार मिला। राजस्थान के सुरेंद्र खोरवाल को सर्वश्रेष्ठ शानदार खिलाड़ी, गुजरात के आदिल ननसोला को वर्ष का उभरता सितारा और उत्तर प्रदेश के अनवर अली को सर्वश्रेष्ठ जूनियर खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। हैदराबाद के चंद्रभान गिरि को सर्वश्रेष्ठ कोच चुना गया। इस अवसर पर जम्मू कश्मीर को सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय टीम घोषित किया गया। समारोह के दौरान यह घोषणा की गई कि जयपुर भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाली दिव्यांग क्रिकेट श्रृंखला की मेजबानी करेगा।



### ला सेला ओपन : 47वें स्थान पर प्रणवी, हिताशी



**एलिकांटे (स्पेन)।** प्रणवी उर्स और हिताशी बख्शी 2025 ला सेला ओपन में संयुक्त रूप से 47वें स्थान पर हैं। प्रवणी ने पार 72 जबकि हिताशी ने एक ओवर 73 का स्कोर बनाया। प्रणवी ने 13वें से 18वें होल के बीच दो बर्डी और दो बोगी की। हिताशी ने चार बर्डी की लेकिन वह तीन बोगी और एक डबल बोगी भी कर गईं। अन्य भारतीयों में दीक्षा डागर, त्वेसा मलिक, अवनि प्रशांत, रिद्धिमान दिलावरी और वाणी कपूर कट हासिल करने में नाकाम रहे।

## एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की दूसरी जीत

# भारत ने जीत के साथ किया सुपर-4 का आगाज, पाकिस्तान को 6 विकेट से रौंदा

एजेंसी ▶▶ दुबई

एशिया कप 2025 के दूसरे सुपर-4 मैच में भारत ने पाकिस्तान को बेहद आसानी से 6 विकेट से हराया। इस मैच में पाकिस्तान ने भारत के सामने 172 रन का टारगेट रखा था। इस टारगेट को टीम इंडिया ने सिर्फ 18.5 ओवर में 6 विकेट रहते हासिल कर लिया। मैच में अभिषेक शर्मा ने 74 रनों की तूफानी पारी खेली। इस दौरान गिल 28 गेंदों में 47 रन बनाकर आउट हुए। गिल ने अपनी पारी में 8 चौके लगाए। भारत ने जीत के साथ सुपर-4 का आगाज किया है, वहीं इस एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ यह भारत की दूसरी जीत है। इससे पहले ग्रुप स्टेज मैच में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया था।

**खास बात**
- अभिषेक-गिल ने खेली तूफानी पारी

### पंड्या ने चहल का रिकॉर्ड किया ध्वस्त

ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने भारत और पाकिस्तान एशिया कप सुपर-4 मैच में नया कीर्तिमान रचा। वह टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल का रिकॉर्ड ध्वस्त किया है। हार्दिक ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में फखर जमां को आउट करते ही चहल को पछाड़ा। उनके खाते में अब 118 टी20 में 97 विकेट हो गए हैं। चहल ने भारत के लिए सबसे छोटे फॉर्मेट में 80 मैच खेलने के बाद 96 विकेट अपने नाम किए। हार्दिक पंड्या साथ ही टी20 एशिया कप इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन चुके हैं। उन्होंने अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान और श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा की बराबरी कर ली है। तीनों गेंदबाजों के खाते में 14-14 विकेट हैं।



### अभिषेक और गिल ने की 105 रन की पार्टनरशिप

रन चेज के दौरान भारतीय टीम को शानदार शुरुआत मिली। शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा ने पहले विकेट के लिए 105 रन की पार्टनरशिप की। अभिषेक शर्मा ने इस दौरान 24 गेंदों में अर्धशतक लगाया। वह 39 गेंदों में 74 रन बनाकर आउट हुए। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने छह चौके और पांच छक्के लगाए। वहीं उनके जोड़ीदार गिल 28 गेंदों में 47 रन बनाकर आउट हुए। गिल ने अपनी पारी में 8 चौके लगाए। नंबर तीन पर बैटिंग करने आए कप्तान सूर्यकुमार यादव इस मैच में अपना खाता भी नहीं खोल पाए, वह तीन गेंदों में बिना कोई रन बनाए आउट हो गए। सैमसन जिन्होंने ओमान के खिलाफ मैच में अर्धशतक लगाया था, वह इस मैच में 17 गेंदों में 13 रन बनाकर चलते बने।

### अभिषेक ने युवराज को छोड़ा पीछा, 24 गेंदों में जड़ी फिफ्टी

पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अभिषेक शर्मा ने सिर्फ 24 गेंदों में ही अपना अर्धशतक पूरा कर लिया और इसी के साथ वह पाकिस्तान के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए। उन्होंने युवराज सिंह का रिकॉर्ड ध्वस्त किया। युवराज सिंह ने पाकिस्तान के खिलाफ 2012 में टी20 मैच में सिर्फ 29 गेंदों में ही फिफ्टी लगाई थी। अब अभिषेक ने उनका कीर्तिमान अपने नाम कर लिया। शर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ विस्फोटक बल्लेबाजी से मैच को बिल्कुल एकतरफा कर दिया। उन्होंने 39 गेंदों में कुल 74 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और पांच छक्के शामिल रहे।

### शर्मा के टी20 इंटरनेशनल में 50 छक्के पूरे


अभिषेक शर्मा ने पारी में पांच छक्के लगाते ही अपने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 50 छक्के पूरे कर लिए। वह भारत की तरफ से टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे कम गेंदों में 50 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने हैं। उन्होंने 331 गेंदों में ही यह उपलब्धि हासिल कर ली है। उनसे पहले सूर्यकुमार यादव ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 510 गेंदों में 50 छक्के पूरे किए थे। अभिषेक ने 21 टी20 इंटरनेशनल मैचों में कुल 708 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं।

### रऊफ और अभिषेक के बीच बहस

हारिस रऊफ 5वें ओवर में अटैक पर आए और पहले ही ओवर में 12 रन पड़े। इस दौरान रऊफ और अभिषेक के बीच काफी बहस हुई। वहीं इसी ओवर की आखिरी गेंद पर जैसे ही गिल ने रऊफ को चौका मारा, तभी वो भड़के उठे और अभिषेक शर्मा से जा भिड़े। हालांकि अंपायर बीच में आ गए। इसका नतीजा ये रहा कि भारत ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 69 रन ठोके।

## पैरा बैडमिंटन

# भगत की शानदार वापसी कड़े मुकाबले में जीता गोल्ड



**नई दिल्ली।** भारत के प्रमोद भगत, सुकांत कदम और कृष्णा नागर ने चीन पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीते। शीर्ष पैरा शटलर प्रमोद ने 18 महीने बाद शानदार वापसी करते हुए पुरुषों के एकल एसएलडब्ल्यू3 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

इंडोनेशिया के मोहम्मद अल इमरान से कड़ी चुनौती का सामना करते हुए प्रमोद पहला गेम 15-21 से हार गए लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए अगले दो गेम 21-19, 21-16 से जीतकर रोमांचक मुकाबले में पहला स्थान हासिल किया। पेरिस पैरालंपिक में तीन बार डोपिंग जांच में विफल होने के कारण बाहर होने के बाद यह प्रमोद के लिए एक भावुक जीत थी, जिसने उन्हें अंतरराष्ट्रीय सर्किट में वापसी करने में मदद की। पुरुषों के युगल में उन्होंने कदम के साथ जोड़ी बनाई और इस जोड़ी ने हमवतन जगदीश दिल्ली और नवीन शिवकुमार को रोमांचक फाइनल में 18-21, 22-20, 18-21 से हारकर रजत पदक जीता।

### सुकांत कदम ने जीता रजत पदक

दुनिया के नंबर एक पैरा खिलाड़ी सुकांत कदम ने पुरुषों के एकल एसएल4 वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया और कड़ी चुनौती का सामना करते हुए रजत पदक जीता। वह फाइनल में फ्रांस के लुकास माजूर से 9-21, 8-21 से हार गए। तोक्यो 2020 पैरालंपिक चैंपियन कृष्णा ने भी पुरुषों के एकल एसएच6 वर्ग में रजत पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया। उन्होंने थाईलैंड के नाथपांग मीचाई को कड़ी टक्कर दी लेकिन तीन सेटों के रोमांचक मुकाबले में 22-20, 7-21, 17-21 से हारकर दूसरा स्थान हासिल किया।

## कोरिया ओपन

# स्वियातेक ने कैटरीना को हराकर जीता खिताब



**सोल।** शीर्ष वरीय इगा स्वियातेक ने पहले सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दूसरी वरीयता प्राप्त कैटरीना एलेक्जेंड्रोवा को 1-6, 7-6 (3), 7-5 से हराकर कोरिया ओपन का खिताब जीत लिया।
स्वियातेक ने तीन घंटे तक चले इस रोमांचक मुकाबले में पांच बार सर्विस गंवाई। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियातेक के लिए यह इस साल का तीसरा और कुल मिलाकर 25वां खिताब है। पोलैंड की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले महीने सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीता था और जुलाई में अपना पहला विंबलडन खिताब जीता था। डब्ल्यूटीए फाइनल में उनका रिकॉर्ड अब 25-5 हो गया है।


# बिली जीन किंग कप : फाइनल में अमेरिका, ब्रिटेन को हराया

**शेनझेन।** जेसिका पेगुला और एम्मा नवारो ने एक-एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अपने एकल मैच जीते, जिससे अमेरिका ने ब्रिटेन को 2-0 से हराकर बिली जीन किंग कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में अमेरिका का मुकाबला गत चैंपियन इटली से होगा। विश्व में सातवें नंबर की खिलाड़ी पेगुला ने केटी बौल्टर को 3-6, 6-4, 6-2 से हराकर अमेरिका की फाइनल में जगह पक्की थी। इससे पहले नवारो ने सोने कार्तल को 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। अमेरिका 18 बार यह टूर्नामेंट की जीत चुका है लेकिन 2017 के बाद से वह इसे जीतने में नाकाम रहा है। अमेरिका इससे पहले आखिरी बार 2018 में फाइनल में पहुंचा था।



# परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना चैंपियन टीम की पहचान : मूनी

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बेथ मूनी का मानना है कि परिस्थितियों से जल्द से जल्द सामंजस्य बिठाना और धैर्य बनाए रखना किसी भी चैंपियन टीम की पहचान है और आगामी महिला विश्व कप में इन गुणों की एक बार फिर परीक्षा होगी। सात बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की टीम ने भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला में अपनी इन दोनों ही खूबियों का बखूबी प्रदर्शन किया। उसने शनिवार को यहां तीसरे वनडे में 43 रन से जीत हासिल कर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली।



मूनी ने कहा, 'मुझे लगता है कि विश्व कप जीतने के लिए आपको परिस्थितियों से जल्द से जल्द सामंजस्य बिठाने वाली और सबसे अधिक धैर्य रखने वाली टीम बनना होगा।' भारत ने विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए पलटवार किया लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने धैर्य बनाए रखा और आखिर में जीत हासिल की। भारत की तरफ से स्मृति मंधाना ने 63 गेंदों पर 125 रन, हरमनप्रीत कौर ने 52 और दीप्ति शर्मा ने अंत में 72 रन बनाए।

# बीसीसीआई अध्यक्ष पद की दौड़ में मन्हास दाखिल किया अपना नामांकन

**मुंबई।** दिल्ली के पूर्व कप्तान मिथुन मन्हास ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष पद के लिए बोर्ड मुख्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। मन्हास ने 1997-98 से 2016-17 तक के अपने लंबे घरेलू करियर में 157 प्रथम श्रेणी, 130 लिस्ट ए और 91 टी20 मैच खेले। वह रोजर बिन्नी की जगह बीसीसीआई अध्यक्ष पद संभालने की दौड़ में सबसे आगे हैं। बिन्नी का कार्यकाल पिछले महीने समाप्त हो गया था। नई दिल्ली में हुई एक अनौपचारिक बैठक के बाद 45 वर्षीय मन्हास का नाम सामने आया। इस बैठक में बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए उनके नाम को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड में कुछ अन्य प्रमुख पदों को अगले रविवार को बोर्ड की वार्षिक आम बैठक के दौरान भरा जाएगा।



बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मीडिया को बताया, 'अगले कार्यकाल के लिए एक नई कार्यकारिणी गठित की जा रही है। मिथुन मन्हास पूर्व खिलाड़ी हैं और उन्हें अध्यक्ष बनाने का फैसला किया गया है। अरुण धूमल आईपीएल संचालन परिषद के अध्यक्ष हैं और वह इस पद पर बने रहेंगे।

### सीएबी अध्यक्ष के रूप में गांगुली की वापसी तय



**कोलकाता।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की सोमवार को यहां होने वाली बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में निर्विरोध अध्यक्ष पद पर वापसी तय है, लेकिन उनका दूसरा कार्यकाल अधिक चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि हाल के महीनों में संघ वित्तीय अनियमितताओं और विश्वसनीयता संबंधी चिंताओं से जूझ रहा है। गांगुली के नेतृत्व वाले पूरे पैनल, बबलू कोलाय (सचिव), मदन मोहन घोष (संयुक्त सचिव), संजय दास (कोषाध्यक्ष) और अनु दत्ता (उपाध्यक्ष) का भी निर्विरोध चुना जाना तय है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष 53 वर्षीय गांगुली अपने बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली का स्थान लेंगे, जिन्हें लोढ़ा समिति के निर्देशों के अनुसार कार्यकारी पदों पर छह साल की समय सीमा पूरी होने के बाद पद छोड़ना पड़ा था।

## फाइनल में कोरिया की दुनिया की नंबर एक जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में हारे

# चीन मास्टर्स: खिताब से चूकी सात्विक-चिराग की जोड़ी

**शेनझेन।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी को एक बार फिर दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा जब वे रविवार को चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में किम वोन हो और सियो सेयुंग जेइ की कोरिया की दुनिया की नंबर एक जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में हार गए। एशियाई खेलों की चैंपियन भारतीय जोड़ी को फाइनल में अपने खिताबी सूखे को खत्म करने की उम्मीद थी लेकिन पहले गेम में 14-7 की मजबूत बढ़त बनाने बावजूद उन्हें मुकाबले में 45 मिनट में सीधे गेम में 19-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।



### कोरियाई टीम की अच्छी शुरुआत

कोरियाई टीम ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले गेम में 3-0 की बढ़त बनाई लेकिन भारतीय जोड़ी ने लगातार दमदार स्मैश के साथ वापसी की और स्कोर 6-6 कर दिया। चिराग के नेट पर सटीक शॉट ने भारतीय जोड़ी को ब्रेक तक 11-7 की बढ़त दिला दी और जल्द ही उन्होंने इसे 14-8 कर दिया। हालांकि कुछ गलतियां हुईं। एक वीडियो चैलेंज के असफल होने से सात्विक और चिराग की लय टूटी और कोरियाई जोड़ी ने अगले नौ में से आठ अंक जीतकर स्कोर 15-15 से बराबर कर दिया।

### लगातार दूसरे फाइनल में लय में दिखी भारतीय जोड़ी

सात्विक और चिराग की जोड़ी लगातार दूसरे फाइनल में लय में दिखी। विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य पदक जीतने और हांगकांग ओपन में उपविजेता रहने के बाद पूरे हफ्ते भारतीय जोड़ी ने एक भी गेम नहीं गंवाया। लेकिन उन्हें मजबूत स्थिति में होने के बावजूद पहला गेम गवाने का मलाल जरूर रहेगा। किम और सियो अन्य जोड़ीदारों के साथ प्रयोग करने के बाद मौजूद सत्र में फिर से साथ आए हैं। यह जोड़ी 2025 के अपने नौवें फाइनल में खेल रही थी और पहले ही छह खिताब जीत चुकी थी, जिसमें पेरिस में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण और ऑल इंग्लैंड तथा इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 का खिताब भी शामिल है। इस मुकाबले को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आक्रमण और सर्वश्रेष्ठ डिफेंस के बीच की लड़ाई माना जा रहा था और किम तथा सियो ने बेहतर धैर्य और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

# ला नीना की वापसी की आहट से हलचल भारी बारिश के बाद ठंड दिखाएगी रौद्र रूप!

एजेंसी ▶▶| ढाका

भारत और उसके पड़ोसी देशों में मानसून का सीजन खत्म हो गया है। इस क्षेत्र में सर्दी के मौसम की आमद अब बेहद करीब है। सर्दियों की शुरुआत से पहले ही ये चर्चा शुरू हो गई है क्या इस साल बहुत ज्यादा ठंड पड़ने जा रही है। इस चर्चा की वजह ला नीना है। ला नीना नाम की जलवायु परिघटना का इस साल सर्दियों पर सीधा प्रभाव हो सकता है। ला नीना ठंडी जलवायु का प्रतीक है। ला नीना अल नीनो के विपरित होता है। इसे अल नीन का ठंडा फेज भी कहा जाता है।

भारत में ला नीना के चलते अधिक ठंडी सर्दियां आने की संभावना है। विशेष रूप से उत्तरी भारत में इसका असर देखने को मिलेगा। यह मौसम पैटर्न प्रशांत महासागर को ठंडा करता है। ऐसे में यह उत्तरी भारत में नवंबर-दिसंबर में ज्यादा पाला पड़ने और शीत लहरों की वजह बन जाता है। अमेरिकी राष्ट्रीय मौसम सेवा के जलवायु पूर्वानुमान केंद्र ने अक्टूबर से दिसंबर के बीच ला नीना विकसित होने की 71% तक संभावना जताई है।



## भारत क्यों होगा प्रभावित

प्रशांत महासागर में होने वाले मौसमी पैटर्न ला नीना के चलते भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में समुद्र की सतह का तापमान औसत से नीचे आ जाता है। ला नीना से जो देश प्रभावित होंगे, उनमें भारत एक अहम नाम है। भारत भूमध्य रेखा के पास स्थित है। ला नीना के चलते खासतौर से उत्तर भारत के राज्य ज्यादा सर्दी का सामना करेंगे।

## मौसम विज्ञानी क्या कह रहे

इस सितंबर की शुरुआत में ही अपने बयान में विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने ला नीना की बात की है। संगठन ने अपने बयान में बताया कि ला नीना मौसम और जलवायु पैटर्न को प्रभावित करने के लिए वापस आ सकता है। संगठन का कहना है कि इस घटना के अस्थायी शीतलन प्रभाव के बावजूद अधिकांश देशों में वैश्विक तापमान औसत से ऊपर रहने का अनुमान है। प्रशांत समुद्री पर्यावरण लैब के अनुसार, ला नीना भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में असामान्य रूप से ठंडे समुद्री तापमान की विशेषता है। वहीं अल नीनो भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में असामान्य रूप से गर्म समुद्री तापमान की वजह से है। मूल रूप से यह शब्द क्रिसमस से जुड़ा था। सर्दियों के त्योहार की वजह से इसका इस्तेमाल हुआ। अल नीनो का अर्थ स्पेनिश में ईसा मसीह का बच्चा है।

# 63 साल की महिला ने 31 की उम्र के शख्स से रचाई शादी

**टोक्यो।** प्यार की कोई उम्र नहीं होती, इसका सबूत हमें और आपको बार-बार देखने को मिलता है। अब प्यार का एक और सबूत सामने आया है। 63 साल की एक जापानी महिला ने 31 साल के व्यक्ति से शादी रचाई है। कमाल की बात तो यह है कि महिला का नया पति उसके खुद के बेटे से उम्र में छह साल छोटा है। अजराशी नाम की महिला ने खुलासा किया कि 2020 में उसकी नए पति से मुलाकात तब हुई जब उसे टोक्यो के एक कैफे में एक लावारिस मोबाइल फोन मिला। जब वह व्यक्ति फोन की तलाश में वापस आया तो अजरशी ने उसे तुरंत वापस कर दिया, लेकिन भाग्यवश वे फिर मिले।

## किस्मत कनेक्शन वाली जोड़ी

एक रिपोर्ट के अनुसार, इस मुलाकात के एक हफ्ते बाद, दोनों एक ही ट्राम में थे और नंबर देने से पहले एक-दूसरे को पहचान चुके थे। अजराशी दो दशकों से ज्यादा समय से तलाकशुदा जिंदगी जी रही थीं और 48 साल की उम्र में तलाक लेने के बाद उन्होंने अकेली मां बनकर अपने बच्चे की परवरिश की थी। उसने डेटिंग ऐप्स पर साथी ढूंढने की कोशिश की और कुछ डेट्स पर भी गई, लेकिन फिर उसने अकेले रहने और कुत्तों की देखभाल करते हुए पालतू जानवरों के कपड़ों का बिजनेस चलाने का फैसला किया। उसका प्यार फिर परवान चढ़ा और वे हर रात एक घंटे से ज्यादा समय तक फोन पर मीठी-मीठी बातें करने लगे।

## लोगों ने एज गैप पर मारे ताने

अजराशी ने कहा, 'मैं चाहे किसी भी मुद्दे पर बात करूं, चाहे वह काम हो, रोजमर्रा की जिंदगी हो या शौक, वह समझता है, मैं महसूस कर सकती थी कि वह सचमुच मुझमें दिलचस्पी रखता है, और इससे मुझे खुशी होती थी'। अजराशी ने 2022 में अपनी शादी रजिस्टर्ड कराई और तब से दोनों का रिश्ता मजबूत चल रहा है। वे साथ मिलकर एक मैरिज एजेंसी भी चलाते हैं। इनकी लव स्टोरी अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है और कुछ यूजर्स उनकी इस प्रेम कहानी की सराहना कर रहे हैं तो वहीं कुछ अन्य लोग एज गैप पर ताने कस कर रहे हैं। जापान की यह प्रेम कहानी कोई नई नहीं है।

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH ACCREDITED
किडनी रोग विभाग
• किडनी प्रत्यारोपण (Kidney Transplantation)
• स्टेट ऑफ आर्ट डायलिसिस यूनिट
• डेडिकेटेड क्रिटिकल केयर यूनिट
• किडनी बायोप्सी
• एवी फिश्चुला, परमाकैथ, ग्राफ्ट
आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ. कृष्णा सोमानी
M.D., D.M.
(नेफ्रोलॉजिस्ट एवं किडनी ट्रांसप्लांट फिजिशियन)
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
मस्तिष्क (न्यूरो) विभाग
• सिर की चोट (हेड इंजरी)
• सपोंडिलाइटिस • लकवा, मिर्गी
• ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन हेमरेज
• स्पाइन एवं ब्रेन सर्जरी
• चेहरे पर तीव्र दर्द • स्पाइन ट्यूमर
• स्लिप डिस्क, साइटिका
• रीढ़ की हड्डी का टी.बी.
• गर्दन एवं कमर में दर्द एवं झुनझुनी
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड, सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
ओम डेन्टल हॉस्पिटल, समता कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) मो. 8305948040
#Rajesh

# अंतरिक्ष में गए थे 75 चूहे, लौटे सिर्फ 65

मास्को। रूस के बायोन-एम नंबर 2 जैविक सैटेलाइट मिशन की लैंडिंग सफल रही। इस मिशन से अंतरिक्ष में गए कई जानवरों को सुरक्षित धरती पर वापस लाया गया, लेकिन कुछ जानवर सफर में नहीं बच पाए। रूसी अकादमी विज्ञान अकादमी ने बताया कि प्रयोगों के लिए भेजे गए 75 चूहों में से 65 जिंदा लौटे और 10 की मौत हो गई। लैंडिंग कैप्सूल आसानी से जमीन पर उतर गया, उतरते समय आसपास की सूखी घास में हल्की आग लग गई थी, लेकिन उसे प्रशासन द्वारा उसे तुरंत ही बुझा दिया गया।

गंजेपन का ईलाज
अत्याधुनिक तकनीक द्वारा केश प्रत्यारोपड़ FUT एवं FUE तकनीक द्वारा गंजेपन का ईलाज
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

## इस रिसर्च से क्या जानकारी सामने आई?

इस तरह के प्रयोगों से यह समझने में मदद मिलती है कि लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने से जानवरों के शरीर पर क्या असर होता है। साथ ही, यह भी पता चलता है कि कौन से उपाय अंतरिक्ष यात्रियों को रेडिएशन जैसे खतरनाक प्रभावों से बचा सकते हैं। ओरलोव ने माना कि, 10 चूहे मर गए लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि, मिशन के हिसाब से यह संख्या ठीक है। इन चूहों की मौत पर्यावरण या तकनीकी खराबी की वजह से नहीं, बल्कि आपस में लड़ाई की वजह से हुई।

## मिशन को लेकर वैज्ञानिकों ने क्या कहा?

राज्य वैज्ञानिक केंद्र समस्या संस्थान के निदेशक, ओ.आई.ओरलेव ने इस मिशन की तारीफ की है और इसे एक बड़ी तकनीकी और वैज्ञानिक सफलता बताया. ओरलेव ने कहा, लैंडिंग बहुत अच्छे से हुई, बेशक कुछ चीजें ऐसी थीं, जिनसे वैज्ञानिकों को चिंता हुई लेकिन कुल मिलाकर यह एक सामान्य बात है।

## चूहों को किन समूहों में बांटा गया था?

अंतरिक्ष में जीवों पर पड़ने वाले असर की जांच करने के लिए यान में भेजे गए 75 चूहों को अलग-अलग समूहों में बांटा गया था। कुछ चूहों के जीन्स में बदलाव किया गया था जिससे वे रेडिएशन के प्रति ज्यादा संवेदनशील है।

संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल
उम्मीद की नई शुरुआत, संजीवनी के साथ
कैंसर से छुटकारा मुश्किल है, लेकिन नामुमकिन नहीं। फर्क लाता है सही समय, सही जगह, सही इलाज।
आज ही संपर्क करें : +91 7389905010, 04010
दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर, छत्तीसगढ़

मित्तल हॉस्पिटल
रायपुर - भिलाई
कैंसर संबंधित सम्पूर्ण उपचार
आधुनिक मशीनों के द्वारा रेडिएशन थेरेपी (कैंसर सिंकाई) की सुविधा उपलब्ध
रायपुर में VARIAN HALCYON
भिलाई में VARIAN UNIQUE
आयुष्मान एवं BSKY-BIJU कार्ड से नि:शुल्क रेडियेशन, कीमोथेरेपी एवं रहने की व्यवस्था
• रेडियो थैरेपी • कीमोथेरेपी • कैंसर सर्जरी • मेडिकल एवं हिमेटो ऑन्कोलॉजी
रायपुर: अवंति बाई चौक, पंडरी 9343079151, 91313 99570
भिलाई: टी.आई. मॉल के पास 7722880844, 0788-2294440
Deepak Ad./101

FIRST AND BIGGEST Designer Jewellery Showroom
सहेली ज्वेलर्स
RAIPUR | DURG
NOT JUST A GREAT DEAL BUT PURE HAPPINESS.
नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं!
Follow Us On @Sahelijewellers
Scan Here
सहेली प्री-बुकिंग ऑफर
सिर्फ 25% देकर आज के भाव पर सोने के गहने की बुकिंग कराएं. भाव कम होने पर कम भाव में और बढ़ने पर बुकिंग भाव में गहने ले जाएँ, दोनों ही स्थिति में फायदा आपका...
PLAIN 22KT GOLD JEWELLERY FLAT 9%
ANTIQUE 22KT GOLD JEWELLERY 11% ONWARDS
MAKING CHARGES
ऑफ़र केवल सीमित समय के लिए
*T&C Apply
Fishtech Solutions Pvt. Ltd.
CREATIVE HUB ADVERTISING
Raipur, Sadar Bazaar +91 9584411144 | Durg, Shree Shivam Mall +91 9244509870
100% HUID हॉलमार्क ज्वेलरी। | 100 % IGI सर्टिफाइड डायमंड ज्वेलरी | 1,00,000+ डिजाइन्स की उत्कृष्ट रेंज | 100% लाइफटाइम बाय बैक गारंटी | SUNDAY OPEN

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com